शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 26, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 21 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पीएम मोदी का जम्मू को सौगात

## पीएम ने एम्स का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी

**श्रीनगर**

**प्रधानमंत्री न**रेंद्र मोदी जम्मू दौरे पर रहे। उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईटी) का भी उद्घाटन किया। मोदी ने जम्मू में करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री ने जम्मू एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और 'कॉमन यूजर फैसिलिटी' पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद, अलगाववाद की आवाजें उठती थीं, अब यहां हर सेक्टर में विकास हो रहा है। राज्य में अब 12 मेडिकल कॉलेज हैं। घाटी ट्रेन से जुड़ चुकी है। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं। मोदी के भाषण के दौरान सभा में कोई बच्ची रो रही थी। पीएम ने कहा, उसे परेशान मत कीजिए। कितनी प्यारी बच्ची है। मेरे पास होती तो बहुत आशीर्वाद देता। आप लोग विपरीत मौसम में यहां बैठे हैं, ये काबिले तारीफ है। मोदी ने कहा- पहले भारत के एक हिस्से में काम होता था और जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिलता नहीं था या बहुत देर से मिलता था। आज जम्मू एयरपोर्ट के विस्तार काम हो रहा है। कश्मीर को कन्याकुमारी से रेल से जोड़ने का काम और तेजी से बढ़ा है। वो दिन दूर नहीं, जब कश्मीर से ट्रेन में बैठकर लोग पूरे देश के सफर पर निकल पाएंगे। जम्मू-कश्मीर को आज पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन मिली है। जब देश में वंदे भारत आधुनिक ट्रेन शुरू हुई, इसके शुरूआती रूट में जम्मू-कश्मीर को चुना। माता वैष्णो देवी तक पहुंचना आसान बना दिया। गांव की सड़कें हो या नेशनल हाईवे, चौतरफा काम चल रहा है। ये काम जब पूरा होगा, तब किसानों और टूरिज्म को लाभ होगा। मोदी ने कहा कि आप लोगों ने नमो ड्रोन दीदी के बारे में सुना होगा। मोदी की गारंटी है कि महिलाओं को ड्रोन पायलट बनाया जाएगा। एक महिला को सुन रहा था, कह रही थीं कि साइकिल चलाना नहीं आता था और आज ट्रेनिंग के बाद ड्रोन पायलट बनकर जा रही हूं।



### हमारी सरकार शिक्षा, विकास के लिए काम कर रही- मोदी

**पीएम ने क**हा कि कुछ समय पहले तक यहां उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था। आज जम्मू-कश्मीर शिक्षा और कौशल विकास का बहुत बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। बीते 10 वर्षों में शिक्षा को आधुनिक बनाने का जो मिशन हमारी सरकार ने चलाया है, उसका यहां और विस्तार हो रहा है।

2013 के दिसंबर में जब मैं भाजपा की ललकार रैली में आया था तो इसी मैदान में आपको कुछ गारंटी देकर गया था। पूछा था- जम्मू में आईआईटी और आईआईएम क्यों नहीं बन सकते हैं।

अब आईआईटी भी है और आईआईएम भी है। इसलिए लोग कहते हैं कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी के पूरा होने की गारंटी।

### जम्मू-कश्मीर में दो एम्स बन रहे: पीएम मोदी




**मोदी ने** कहा कि एक टाइम था, स्कूल जलाए जाते थे, एक आज का वक्त है स्कूल सजाए जाते हैं। आज जम्मू-कश्मीर की स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। 2014 से पहले मेडिकल कॉलेज की संख्या सिर्फ 4 थी, आज मेडिकल कॉलेज 12 हो गई है। 2014 में एमबीबीएमस की 500 सीटों के मुकाबले 1300 से ज्यादा सीटें हैं। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं।

इसमें से एक का उद्घाटन करने का मुझे मौका मिला है। आजादी के बाद अनेक दशकों तक दिल्ली में ही एक एम्स हुआ करता था, गंभीर बीमारी के लिए इलाज के लिए आपको दिल्ली जाना पड़ता था। मैं आपको यहां जम्मू में ही एम्स की गारंटी दी थी। ये गारंटी पूरी कर दिखाई है। 10 साल में देश में 15 नए एम्स स्वीकृत हुए हैं।

**जम्मू-कश्मीर में अब 50 नए डिग्री कॉलेज**

मोदी ने कहा कि 10 साल पहले तक शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में इस स्तर पर सोचना भी मुश्किल था, लेकिन ये नया भारत है। ये भारत अपनी पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा खर्च करता है। 10 साल में देश में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी निर्माण हुआ है। जम्मू-कश्मीर में ही करीब 50 नए डिग्री कॉलेज बनाए जा चुके हैं। ऐसे 45 हजार से ज्यादा बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया है। ये वो बच्चे हैं, जो पहले स्कूल नहीं जाते थे।

### 'जहां कभी बंद और हड़ताल रहा करती थी, अब चहल-पहल रहती है'



**प्रधानमंत्री बोले-** 370 जाने के बाद आज मैंने हिम्मत के साथ देशवासियों को कहा है कि अगले चुनाव में भाजपा को 370 दीजिए और एनडीए को 400 पार कर दीजिए। सब मिलकर आगे बढ़ेंगे। यहां जो लोग दशकों तक अभाव में जी रहे थे, उन्हें भी आज सरकार के होने के एहसास हुआ है। आज देखिए, गांव-गांव एक नई राजनीति की लहर चल पड़ी है। भ्रष्टाचार-तुष्टिकरण के खिलाफ नौजवानों ने बिगुल फूंक दिया है। हर नौजवान अपना भविष्य खुद लिखने के लिए निकल पड़ा है। जहां पर बंद और हड़ताल का सन्नाटा रहता था, वहां जिंदगी की चहल-पहल दिख रही है। पहले की सरकारों ने यहां रहने वाले हमारे फौजी भाइयों तक का सम्मान नहीं किया।

पहले की सरकारी वन रैंक-वन पेंशन भाजपा ने लागू किया। जम्मू के ही पूर्व सैनिकों को 1600 करोड़ से ज्यादा मिला। जब सरकार संवेदनशील और आपकी भावनाएं समझने वाली हो तो ऐसी ही तेज गति से काम करती है। जम्मू-कश्मीर के सामान्य जन को भरोसा मिला है। मोदी ने कहा कि आज हम एक नया जम्मू-कश्मीर बनते हुए देख रहे हैं। प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार 370 की थी। आर्टिकल 370 को भाजपा की सरकार ने हटा दिया है। अब जम्मू-कश्मीर संतुलित विकास की ओर बढ़ रहा है।

## जेपी नड्डा 21 व 22 फरवरी को महाराष्ट्र के दौरे पर

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बुधवार से दो दिवसीय प्रवास पर मुंबई जाएंगे। इस दौरान नड्डा कई सांगठनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा ने मंगलवार को बताया कि नड्डा बुधवार एवं गुरुवार (21 एवं 22 फरवरी) को मुंबई में कई सार्वजनिक एवं सांगठनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस प्रवास के दौरान वे कार्यकर्ता सम्मेलन और क्लस्टर बैठक के साथ-साथ लाभार्थी सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इस दौराव वे छत्रपति शिवाजी महाराज शिल्प का पूजन एवं उद्घाटन भी करेंगे। नड्डा बुधवार दोपहर 12:00 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मुंबई पहुंचेंगे जहां वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे वसंत स्मृति, दादर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे वसंत स्मृति में दोपहर 01:00 बजे से मुंबई चुनाव संचालन समिति के साथ टिफिन बैठक करेंगे। तत्पश्चात वे इसी स्थान पर क्लस्टर ए और क्लस्टर बी की चुनाव संचालन समिति की बैठक लेंगे। देर शाम 07:45 बजे नड्डा बीएमसी मैदान (शेरे पंजाब सोसायटी, जीजामाता रोड, अंधेरी पूर्व), मुंबई में आयोजित पार्टी के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## बिहार: सदन में हंगामा... हद दिखाने से लेकर औकात बताते रहे माननीय

**पटना**

मंगलवार को विधानसभा की दूसरी पाली शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी। अचानक भाजपा विधायक कुमार शैलेन्द्र के बयान पर हंगामा मच गया...। आसन पर बैठे विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी भी दंग रह गए। सत्तापक्ष और विपक्ष के कई माननीय तैश में आ गए और एक-दूसरे की हद दिखाने लगे, औकात भी बताने लगे...। कुछ ने तो बाहें भी चढ़ा लीं और अंगुलियां दिखाते हुए एक-दूसरे को चेताने-धमकाने लगे। यह हाईवोल्टेज ड्रामा दस मिनट तक चला। हुआ यूं कि जल संसाधन विभाग की अनुदान मांग के विरुद्ध राजद के विधायक रामवृक्ष सदा बोल रहे थे। उनके बाद कुमार शैलेन्द्र सरकार के पक्ष में बोलने को खड़े हुए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के विधायक का काम ही है भौकना। ये भौकते ही रहते हैं। इसी बात पर पूरा विपक्ष हंगामा करने लगा।

## भाजपा जीतेगी राजस्थान का रण: शाह



**नई दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राजग की 400 सीटों पर जीत के लक्ष्य के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकताओं से लगातार तीसरी बार राजस्थान की लोकसभा की सभी 25 सीटें जीतने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अभी से लेकर वोटों की गिनती तक सभी कार्यकर्ताअें का सिर्फ यही ध्येय होना चाहिए।

**कांग्रेस परिवारवादी और दिशाविहीन पार्टी**

मोदी 3.0 के लिए राजस्थान की 25 सीटों की अहम भूमिका बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें कहीं से भी कोई गलती नहीं होनी चाहिए। राजस्थान के उदयपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस को परिवारवादी और दिशाविहीन पार्टी बताया।

**कांग्रेस राज में खूब हुए बम धमाके**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब उत्तर और दक्षिण के बीच देश को बांटने की बात कर रही है। उन्होंने कांग्रेस की सरकारों में आंतकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने का हवाला देते हुए कहा कि उस समय कोई भी आलिया, मालिया, जमालिया घुस आता था और बम धमाके कर जाता था। लेकिन मोदी सरकार के दौरान अब कोई ऐसी हिम्मत नहीं कर सकता है।

## चंडीगढ़: सुप्रीम कोर्ट ने आप-कांग्रेस कैंडिडेट को चंडीगढ़ मेयर घोषित किया



**चंडीगढ़**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के रिजल्ट को पलट दिया। कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप)-कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का नया महापौर घोषित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की ओर से आप पार्षद कुलदीप कुमार को विजेता होने और चंडीगढ़ का महापौर घोषित किए जाने के बीच बड़ी लड़ाई लड़ी गई। आइए आगे जानते हैं कि कब-कब क्या हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने आप पार्षद कुलदीप कुमार को विजेता और चंडीगढ़ का महापौर घोषित किया। सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह के खिलाफ मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया। अनिल मसीह बीजेपी नेता भी हैं। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि वह पूरी चुनावी प्रक्रिया को रद्द नहीं कर रही है और खुद को मतगणना प्रक्रिया में गलत कार्यों से निपटने तक ही सीमित रख रही है। जिसके कारण कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मत अमान्य हो गए थे। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह साफ है कि मसीह ने जानबूझकर आठ मतपत्रों को विरूपित करने का प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट में 19 फरवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव केस में सुनवाई होनी थी। इसके पहले 18 फरवरी की शाम में बीजेपी के नवनिर्वाचित मेयर मनोज सोनकर ने पद से इस्तीफा दे दिया। इस बीच आप के तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने आम आदमी पार्टी के इन पार्षदों के बीजेपी में शामिल होने की तस्वीरों को एक्स पर शेयर किया।

## अफजाल अंसारी के पाला बदलने के बाद 'हाथी' को 'महावत' की तलाश



**गाजीपुर**

अफजाल अंसारी को बसपा ने दोबारा सांसद बनने का मौका दिया, लेकिन अब वह पाला बदलकर सपा में चले गए हैं। सपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी भी घोषित कर दिया है। उनके सपा में जाने के बाद बसपा को यहां हाथी की सवारी के लिए मजबूत महावत की तलाश शुरू हो गई है। हालांकि बसपा से कई लोग टिकट के जुगाड़ में लगे हुए हैं। हाईकमान भी चुनाव जीतने के बाद से दूरी बनने वाले सांसद के खिलाफ मजबूत प्रत्याशी की तलाश कर रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में अफजाल अंसारी बसपा से चुनाव लड़े थे। सपा-बसपा गठबंधन का भरपूर लाभ उन्हें मिला। जातिगत समीकरण यादव, अल्पसंख्यक और अनुसूचित के वोटों ने उन्हें दोबारा सांसद बनाया। इसके बाद वह बसपा से दूर रहने लगे। विधानसभा चुनाव में उनके दो भतीजे सपा व सुभासपा से विधायक चुने गए। विस चुनाव में उन्होंने कहीं भी बसपा प्रत्याशी के लिए मंच सांझा नहीं किया। बसपा से बढ़ती दूरियों के बीच उनके सपा से चुनाव लड़ने की संभावना प्रबल हो गई थी। इस साल जनवरी में अफजाल की सबसे छोटी बेटी नूरिया अंसारी की शादी में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत पार्टी के कई बड़े चेहरे शामिल हुए थे। यहीं वजह रही कि सोमवार को सपा से उन्हें प्रत्याशी बनाने पर किसी को हैरानी नहीं हुई। सांसद के सपा में जाने के बाद से बसपा ठगा महसूस कर रही है। क्योंकि बसपा ने जिस उम्मीद के साथ सांसद बनाया वह पूरा नहीं हुआ। अब लोकसभा चुनाव में बसपा मजबूत प्रत्याशी की तलाश शुरू की। इसके लिए कई लोगों ने लखनऊ तक दौड़ लगानी शुरू की है।

## सीएम नीतीश ने शिक्षकों की भावना का रखा ख्याल



**पटना**

**बिहार** में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अपने विवादास्पद फैसलों और फरमानों के लिए बदनाम हो गए हैं। हालांकि उनकी सख्ती से शिक्षा व्यवस्था के पटरी पर लौटने की तारीफ भी होती रही है। कई बार तो उनके फैसलों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हस्तक्षेप करना पड़ा है। कभी शिक्षकों की छुट्टियां रद्द कर देते हैं तो कभी रविवार की छुट्टी के दिन भी शिक्षकों को स्कूल आने का फरमान जारी कर देते हैं। शिक्षकों का वर्किंग टाइम अब उनके निशाने पर है। हालांकि उन्हें इस मामले में तब मुंह की खानी पड़ी, जब सीएम नीतीश कुमार ने ही उनके निर्णय को गलत बता दिया।

केके पाठक का फरमानः बिहार विधानसभा मंगलवार को केके पाठक के उस फरमान की गूंज सुनाई पड़ी, जिसमें उन्होंने शिक्षकों को स्कूल खोलने की टाइमिंग सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कर दी थी। विपक्ष ने इस मुद्दे पर खूब हंगामा मचाया। विपक्षी सदस्य न सिर्फ इस फरमान को वापस लेने की मांग कर रहे थे, बल्कि केके पाठक को शिक्षा विभाग से हटाने का दबाव भी बनाने लगे। आखिरकार मुख्यमंत्री को बोलना पड़ा। सीएम नीतीश कुमार ने स्पष्ट कर दिया कि पाठक ने जो टाइमिंग तय की है, वह गलत है।

## झारखंड में फिर सियासी हलचल तेज

**रांची**

झारखंड के असंतुष्ट विधायकों की दिल्ली में जारी गतिविधियों के बीच प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने मंगलवार को लोकसभा चुनावों के मद्देनजर वार रूम का गठन किया। इसके जरिए चुनावी अभियान को गति दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने वार रूम के लिए चेयरमैन और संयोजकों की घोषणा की है। प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि वार रूम के लिए मानस सिन्हा को चेयरमैन, नेली नाथन एवं अमृत सिंह को को-चेयरमैन एवं दीपक ओझा, अजय सिंह, पूर्णिमा सिंह, अजय जैन, जफर इमाम, राजीव नारायण प्रसाद, पिया बर्मन एवं गुलजार अहमद को सदस्य बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मदन मोहन शर्मा एवं सूर्यकांत शुक्ला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ समन्वय करने के लिए सह संयोजक बनाया गया है।

## 'चाभी नहीं प्रोडक्शन शुरू करें, यूपी के साथ पूरे उत्तर भारत के बाजार को है आपका इंतजार'




लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने कहा कि हिंदुजा ग्रुप के प्रकाश जी और अशोक जी ने अभी मुझे डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी सौंपी है। चाहूंगा कि सिर्फ चाभी नहीं, बल्कि जल्दी से जल्दी वो यहां अपना प्रोडक्शन शुरू करें। उत्तर प्रदेश का बाजार ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत का बाजार उनका इंतजार कर रहा है। इससे पूर्व सीएम योगी को हिंदुजा ग्रुप की तरफ से डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने प्लांट में इलेक्ट्रिक बसों का अवलोकन भी किया और उनके फीचर्स के बारे में भी जानकारी ली। हिंदुजा ग्रुप के अधिकारियों ने उन्हें ई व्हीकल्स की विशेषताओं से परिचित कराया। सीएम योगी ने हिंदुजा ग्रुप के प्रमुख लोगों और अधिकारियों के साथ मंत्रणा भी की।

इन्वेस्टर्स भी लें इनीशिएटिव

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट अशोका लीलेंड के माध्यम से स्थापित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोका लीलेंड को शुभकामनाएं देता हूं। उत्तर प्रदेश में हम जैसे इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी लेकर आते हैं। वैसे ही इन्वेस्टर्स को भी अपने निवेश को पब्लिक फ्रेंडली बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक लाख स्कूली बस हैं हमारे पास, ये सब रिप्लेस हो जाएंगी इलेक्ट्रिक बसों में बशर्ते इस दिशा में हम लोगों ने थोड़ा भी इनीशिएटिव लिया तो। उत्तर प्रदेश में एक लाख 5 हजार से अधिक राजस्व गांव हैं और दो लाख से अधिक मजरे हैं। अगर इन एक लाख गांवों को हमें शहरों से जोड़ना होगा तो भी सस्ती सेवा के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा सस्ती और लोकप्रिय माध्यम बन सकती है। इसमें हम अपने तमाम युवाओं को इस सर्विस के साथ जोड़ सकते हैं। यहां पर भी हिंदुजा ग्रुप भी कुछ इनीशिएटिव ले और स्टेट गवर्नमेंट भी इसको आगे बढ़ाए।

बिहार, मध्यप्रदेश और नेपाल तक यूपी का बाजार

सीएम योगी ने कहा कि एक-एक गांव को जोड़ने के लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ना होगा। उत्तर प्रदेश के अंदर गांव को शहर से जोड़ने के लिए प्रयास करना होगा। गांव का प्रोडक्ट शहर में आए, इसके लिए माल ढोने वाले छोटे ट्रक का उपयोग किया जा सकता है। फिर चीनी प्लांट के रूप में हम लोग दूध को दुग्ध समितियों के साथ जोड़कर सिटी में लाने में योगदान दे सकेंगे तो यह बहुत बड़ा मार्केट आपको अकेले यूपी में मिलेगा। यूपी का मतलब यूपी नहीं है,यूपी का मतलब बिहार भी, मध्यप्रदेश भी और नेपाल भी, यूपी के साथ किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है। ये सभी राज्य इस सुविधा का लाभ लेंगे।

यूपी की ई व्हीकल पॉलिसी इन्वेस्टर्स के लिए भी और बायर्स के लिए भी

सीएम योगी ने प्रदेश सरकार द्वारा लागू इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा सोमवार को 10 लाख 24 हजार करोड़ रुपए के निवेश कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है। आज इसी के तहत अशोका लीलेंड ने अपने कार्य को शुरू भी कर दिया है।

# 16 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद निकला युवक का शव

## सोमवार रात कुएं में गिर गया था युवक,पानी खाली कर निकाला गया शव, शंकरगढ़ पुलिस संग डटी रही फायर ब्रिगेड टीम

**अखंड भारत संदेश**





**बारा शंकरगढ़।** थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम हुए एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई,बताया जा रहा है कि युवक नशे में था और असंतुलित होने के कारण जगतविहीन कुएं में गिर गया था। उसका पता लगाने के लिए फायर ब्रिगेड और शंकरगढ़ पुलिस को 16 घंटे से भी अधिक समय तक मेहनत करनी पड़ी। सोमवार की रात से मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे तक मोटर और पंप से पानी निकालकर कुआं खाली करवाया गया, तब जाकर तलहटी में युवक का शव नजर आया। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 शिक्षक नगर निवासी सलमा उर्फ राजेश 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामराज सोमवार की शाम कहीं जा रहा था, रास्ते में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज के बगल स्थित राजा की फुलवरिया में स्थित एक कुएं में गिर गया, कुएं से आई तेज आवाज के बाद लोगों को अनहोनी की आशंका हुई, जिस पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। साथ ही सलमा की कुएं में तलाश शुरू कर दी गई। कुआं काफी गहरा होने के कारण उसके अंदर जाने की कोई हिम्मत नहीं जुटा सका।अंततोगत्वा पंप और मोटर लगाकर उसका पानी निकला गया। 16 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद शंकरगढ़ पुलिस ने मंगलवार की दोपहर को सफलता पाई और कीचड़ में फंसे सलमा के शव को बाहर निकाला गया।शव देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था,शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# आईएस एसडीएम से ज्यादा पावरफुल करछना का राजस्व निरीक्षक



### ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में दबंगो के साथ राजस्व विभाग की टीम बनी बाधक

**करछना।** तहसील करछना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महोरी रीवा गांव में आला अधिकारियों के निर्देश पर बनाया जा रहा खेलकूद मैदान एवं अंत्येष्ठि स्थल निर्माण कार्य को राजस्व निरीक्षक बाल कृष्ण द्विवेदी दबंगों के दबाव में आकर लाखों रुपए की सरकारी निर्माण कार्य को बंद करा दिया बिना किसी संक्षम अधिकारी के निर्देश पर, गांव के प्रधान राजकुमार पटेल ने मंगलवार को संपूण समाधान दिवस पर शिकायत दर्ज कराते हुए आईएस एसडीएम अधिकारी करछना को वर्तमान एवं पूर्व जांच आख्या देकर मामले की शिकायत की है कि ग्राम पंचायत महोरी रीवा में गाटा संख्या 79.81. एवं 82 अभिलेख में सरकारी भूमि नवीन परती दर्ज है जिस पर ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति योजना का निर्माण कार्य कराया गया था, तथा उक्त शेष भूभाग पर गांव के बच्चों के लिए खेलकूद मैदान एवं अंत्येष्ठि स्थल निर्माण कराने हेतु 21 फरवरी 2023 व 16 जनवरी 2024 एवं 3 मयी 2023 पूर्व में रहें एसडीएम गणेश कनौजिया तथा 10 फरवरी 2024 को पुनः लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की जांच आख्या में उक्त भूमि पर नवीन परती सरकारी भूमि पर सरकार द्वारा विकास योजना के अंतर्गत खेलकूद मैदान एवं अंत्येष्ठि स्थल का निर्माण कार्य कराने की आख्या देकर कार्य का निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान किया गया था,जिस पर निर्माण कार्य चल रहा था पंचायत स्तर से जिस पर दबंगों के दबाव में आकर राजस्व निरीक्षक ने बिना किसी संक्षम अधिकारी के निर्देश पर कार्य रुकवा दिया दो दिन पूर्व, मामले को गंभीरता से लेते हुए आईएस एसडीएम अधिकारी करछना ने जांच आख्या के आधार पर तत्काल कार्य चालू करायें जाने का आदेश तहसीलदार को दिशा-निर्देश दिए हैं।

# आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार की धारा छात्रों में भरना शिक्षको की जिम्मेदारी है : न्यायमूर्ति

## हरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज का 71वां वार्षिक समारोह

**अखंड भारत संदेश**



**लालापुर।** आज की आधुनिक शिक्षा के चक्कर में शिक्षक पुरातन संस्कार को धीरे धीरे भूलते जा रहे है ,आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार की धारा छात्रों में भरना शिक्षको की जिम्मेदारी है । उक्त बातें मंगलवार के दिन लालापुर स्थित श्री हरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज के 71 वे वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने मौजूद शिक्षको वा गणमान्य लोगों के बीच कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा से एक सभ्य समाज का निर्माण होता है। अध्यक्षता करते हुए राज्य सभा सांसद राजमणि पटेल ने भी अच्छी वा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आए अतिथियों के प्रति प्रबंधक करुणा निधान पांडेय आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन सूर्य निधान पांडेय ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र पांडेय, आनंद शुक्ल,निलेश राय, डा एस ओझा, अभिषेक त्रिपाठी, चंद्र निधान पांडेय, रमाशंकर तिवारी, वीरेंद्र पांडेय, सैयद अवशाफ अली, प्रधान शंकरलाल पांडेय आदि सैकड़ों लोग रहे।

### फसल अवशेष प्रबन्धन में सहायक कृषि यन्त्रों को अनुदान पर प्राप्त करने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी जनपद के कृषकों को फसल अवशेष जलाने से होने वाली समस्याओं के निराकरण व इसके दुष्परिणामों यथा मिट्टी, जलवायु व मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानियों से बचाने के लिए प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रिजिड्यू योजनान्तर्गत जनपद में फसल अवशेष/कृषि अपशिष्ट को जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए एवं पराली या पुवाल खेतों में जलाने से कृषि भूमि पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचाने के लिए फसल अवशेष प्रबन्धन में सहायक कृषि यन्त्रों यथा-स्ट्रारीपर, रीपर कम्बाइन्डर, रिवर्सबुल एम0बी0प्लाऊ व हार्वेस्टर के लिए सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम (एस0एम0एस0), रीपर सेल्फ प्रोपल्ड, हैपी सीडर, पैडी स्ट्रा चॉपर, श्रेडर, मल्चर, कटर कम स्प्रेडर, स्ट्रा रेक एवं बेलर इत्यादित यन्त्रों पर 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान करने हेतु दिनॉक-14.फरवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन बेवसाइट पर जाकर कृषि यन्त्रों पर अनुदान के लिए टोकन बुक कर सकते हैं।

# बेसिक शिक्षा क्षेत्र में लेखन एवं साहित्य के कार्य उत्कृष्ट योगदान देने वालो शिक्षको किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** शैक्षिक संवाद मंच द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मंच की ओर से बेसिक शिक्षा क्षेत्र में लेखन एवं साहित्य कार्य में उत्कृष्ठ योगदान देने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समरोह का आयोजन शनिवार 17 फरवरी को आयोजित किया गया जिसमे प्रधानाध्यापक फरहत माबूद कौडिहार 2 प्रयागराज को उनकी साझा पुस्तक ₹ विद्यालय में एक दिन₹ के लिए प्रशस्ति पत्र, और स्मृति चिन्ह के साथ अंगवस्त्र भेट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैक्षिक संवाद मंच के बैनर तले मंचासीन पद्म श्री उमाशंकर पाण्डेय, समाजसेवी गोपाल जी, शिक्षाविद बाबूलाल दीक्षित, प्रदीप जयसवाल इन्ही के बीच में विख्यात शोध प्रवक्ता राज्य हिन्दी स्थान वाराणसी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका आसिया फारूकी एवं मुख्य अतिथि कमलेश कमल भाषा विज्ञानी एवं वैयाकरण जनसंपर्क अधिकारी आईटीबीपी ग्रह मंत्रालय दिल्ली, और सम्पादक प्रमोद दीक्षिकं मलय अत्रिनगर बांदा इस सम्मान समरोह में उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राएं हुए खुश, की प्रशंसा




**सहसों।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के विकास एवं प्रयोग के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्ति करण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को जगपत सिंह स्मारक विधि महाविद्यालय जगबंधनपुर सहसों में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने छात्र छात्राओं में स्मार्टफोन वितरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि अनुशासित छात्र जीवन में उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा में संकल्प के साथ शिक्षा के महत्व को समझते हुए आज के इस डिजिटल एवं इंटरनेट शिक्षा के माध्यम में यह स्मार्टफोन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस मौके पर महाविद्यालय के कुल 87 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान/कॉलेज के निर्देशक अनुराग सिंह अन्नू ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर स्मार्टफोन पाकर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने खुशी जताते हुए सरकार के प्रति प्रसन्नता का इजहार किया। कार्यक्रम में राहुल सिंह, नागेंद्र द्विवेदी, पुष्पेंद्र सिंह, अंजनी त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उमेश पाल की पुण्य तिथि के मद्देनजर मेजा ब्लाक में हुई बैठक



**मेजा।** आगामी 24 फरवरी को कमला गार्डेन जयंतीपुर सलेम सराय में आयोजित होने वाली स्व उमेश पाल की पुण्य तिथि के मद्देनजर चायल के पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप पाल की अध्यक्षता में गठित टीम के द्वारा मेजा क्षेत्र में जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क के दौरान सोमवार को विकास खंड मेजा में एक बैठक भी आयोजित की गई जिसमें पाल समाज के अलावा भाजपा से जुड़े लोगों को स्व विधायक उमेश पाल की पुण्य तिथि में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। इस मौके पर भाजपा के जिला मंत्री पिछड़ा मोर्चा यमुनापार एवं प्रधान आशीष पाल राजेश विश्वकर्मा मनु बिंद अधिवक्ता डी आर पाल उदय यादव प्रधान तेंदुआ राजेश पाल प्रधान पाल पट्टी अमीन सिंह तथा जन्मंजय प्रजापति के अलावा कई अन्य लोग प्रमुंख रूप से मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस मेजा में 182 शिकायते मिली निस्तारण शून्य



**मेजा।** मेजा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस तहसीलदार मेजा रवि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विभिन्न विभागों से कुल 182 शिकायतें दर्ज की गई। शिकायतों के क्रम में गत दिवस मेजा क्षेत्र के हरदिहा, सिलौधी, डाबर और पथरा इलाके में हुई ओलावृष्टि से फसलों की भारी क्षति हुई थी। किसानों ने आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल अभी तक प्रभावित किसानों के नुकसान का सर्वे नहीं किया गया। किसानों ने सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की।तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया। इस दौरान सर्वाधिक शिकायत राजस्व से 64, पुलिस से 57, विकास से 25, समाज कल्याण से एक, स्वास्थ्य विभाग से एक और अन्य से 34 शिकायतें मिली। सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रभारी संपूर्ण समाधान दिवस रवि प्रकाश सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार लालतारा राजेंद्र सिंह, एडीओ समाज सुशांतु पांडेय, अवर अभियंता मेजा आशीष कुमार सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया एमएल पब्लिक स्कूल का 11वां वार्षिकोत्सव

**वार्षिकोत्सव एवं रंगारंग प्रस्तुति**

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों का होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास : जितेंद्र गुप्ता
- भोजपुरी गायकों ने अपनी मधुर गायकी से कार्यक्रम में बिखेरा जलवा

**अखंड भारत संदेश**





**मेजा/सिरसा।** क्षेत्र के चौकी बगहा में स्थित चर्चित स्कूल मेजा पब्लिक स्कूल का 11वा वार्षिकोत्सव समारोह रंगारंग कार्यक्रमों बीच संपन्न हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपीगंज भदोही के नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता व विशिष्ट अतिथि लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा के प्राचार्य महेंद्र जायसवाल तथा अग्निशमन प्रभारी सिया शरण सिंह रहे। इस दौरान भोजपुरी गायक राजेश परदेशी एवं ऊषा उज्जवल तथा संजय शर्मा ने अपनी मधुर गायकी से न सिर्फ जलवा बिखेरा बल्कि कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। जिसकी उपस्थित लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा किया। कार्यक्रम की शुरूआत चौकी प्रभारी सिरसा कुलदीप शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। गौरतलब है कि वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान स्कूल के छात्र एवं छात्राओं द्वारा जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति की गई वहीं भोजपुरी सुर संग्राम के मशहूर गायक एवं गाईका राजेश परदेश संजय शर्मा तथा ऊषा उज्जवल ने पूरे कार्यक्रम में समां बांधते हुए अपनी गायकी से जमकर जलवा बिखेरा जिसकी वहां मौजूद लोगों ने प्रशंसा किया। तत्पश्चात बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर है और बच्चे उस मंदिर के शिक्षार्थी हैं। आज के बच्चे ही कल के देश के भविष्य हैं ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से उनका न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक विकास होता है। उनका मानना है शिक्षा के साथ साथ ज्ञान का होना आवश्यक है। उन्होंने कर्यक्रम के आयोजक तथा स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता की मंच से तारीफ करते हुए कार्यक्रम आमंत्रित करने के लिए आभार जताया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे प्राचार्य महेंद्र जायसवाल एवं अग्निशमन प्रभारी सिया शरण ने भी अपने अपने विचार ब्यक्त किए। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता व प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की निदेशक बबिता गुप्ता तथा संचालन स्कूल के चेयरउमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने किया। इस मौके पर स्कूल के टीचर अभिरंजन गुप्ता, मेवा लाल यादव, विपिन शुक्ला ,बिजेंद्र कुमार, मदन कुमार ,गौरव पांडेय दिव्यांशु गुप्ता ,विजय कुमार कमलेश शर्मा, मनोज कुमार विश्वकर्मा, नवदीप यादव ,रिशु शर्मा ,कुलदीप शर्मा ,मीनाक्षी यादव ,सविता शुक्ला ,रीना यादव पूजा त्रिपाठी ,विपुल कुमार तथा अविनाश कुमार के अलावा सैकड़ों अभिभावक एवं स्थानीय लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपाईयों की लाभार्थी संपर्क अभियान के लिए हुई बैठक

**सहसों।** भाजपा मंडल सहसों में मंगलवार को सुखदेव सिंह महाविद्यालय हसनपुर कसेरुवा कलां में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर एक कार्यशाला बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को किस प्रकार से गांव स्तर पर संपन्न करना है इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी ने कहा भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस तरह से खुशहाल और समृद्ध हो रहा है उसमें जनहित में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम आवास, शौचालय, उज्जवला गैस, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसे आदि योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी लाभार्थियों से कार्यकर्ता घर-घर जाकर के संपर्क करें और उनके मोबाईल से मिस्ड कॉल कर उसकी फोटो सरल एवं नमो ऐप पर अपलोड करें। कार्यशाला बैठक को पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार वीरेन्द्र बहादुर सिंह, कुंवर मृगेंद्र सिंह तथा विस्तारक आशुतोष तिवारी ने भी अपने विचारों को व्यक्त करते कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज एवं संचालन संयोजक व मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, महामंत्री संजय सिंह, जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, मंडल मंत्री जयेश केसरवानी, विमल मिश्रा, राजेंद्र वर्मा, शिव शंकर दूबे, रामसुधर बिंद, सुभाष शुक्ला, मुकुंद लाल पटेल, दया सिंह, पुष्कर सिंह पटेल, सूर्यमणि पांडेय, ठा संतोष सिंह, मुकेश कुमार दुबे, हृदेश कुमार द्विवेदी, रंजन तिवारी, राम शुक्ला, पुष्प प्रजापति, श्रीकांत तिवारी, आलोक सरोज, दीना नाथ पटेल लाल जी धुरिया, राकेश विश्वकर्मा, नागेंद्र शर्मा एवं आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोपियों और कृष्ण का संबंध जीव और परमात्मा की तरह है : आचार्य हरिहर महराज





**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में जन कल्याण हेतु क्षेत्र के भटौती गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा में कथा सुनने के लिए इलाकाई भक्त श्रोता लोगो की भीड़ जुट रही है। प्रयागराज धाम से पधारे कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास आचार्य हरिहर जी महाराज ने कथा के छठवें दिन मंगलवार को कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर मौजूद भक्त श्रोता जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया । उन्होंने संगीतमय प्रसंगों को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर भी कर दिया । कथावाचक आचार्य हरिहर महाराज ने कहा कि गोपियों और कृष्ण का संबंध जीव और परमात्मा की तरह है । गोपिया जितना प्रेम जीव को परमात्मा तक पहुंचा सकती हैं । उतना ही परमात्मा भी जीव को पहुंचाता है।उन्होंने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि आखिरकार आतताई कंस का कृष्ण ने बध कर दिया। विवाह प्रसंग सुनाते हुए संगीतमय भजनों पर श्रोता झूमने को विवश हो गए ।कथा के मुख्य श्रोता यजमान सभाकांत दुबे व नगेत्रा देवी ने कथा व्यास सहित आचार्य लोगो का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया । कथा के आयोजक राम निहोर दुबे व संयोजक जगजीवन प्रसाद दुबे तथा व्यवस्थापक अरुण कुमार दुबे ने मौजूद सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त सहित महिलाएं लोग मौजूद रही।

# प्रयागराज में बनाए गए 335 परीक्षा केंद्र

## यूपी बोर्ड परीक्षा :

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में यूपी बोर्ड की परीक्षा को नकलविहीन कराने के उद्देश्य से तैयारियां पूरी हो गई है। जिलाधिकारी नवनीत चहल व (जिला विद्यालय निरीक्षक) पीएन सिंह की देखरेख में हुई बैठक में तैयारियों के संबंध में समीक्षा की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने बताया कि जनपद में 335 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें तीन सुपर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, आठ जोनल मजिस्ट्रेट, 31 सेक्टर मजिस्ट्रेट व सभी 335 परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्ति किए गए हैं।

**कंट्रोल रूम से जोड़े गए हैं परीक्षा केंद्र :**

डीआईओएस ने बताया कि 335 परीक्षा केंद्र ऑनलाइन जनपदीय कंट्रोल रूम से जोड़ दिये गये हैं। जनपद के अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी गयी हैं। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के पूर्व अलग-अलग समूहों में केंद्र व्यवस्थापकों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों व स्टैटिक मजिस्ट्रेट को उनके दायित्वों और कर्तव्यों के विषय में विधिवत प्रशिक्षित किया जा चुका है। स्ट्रांग रूम सहित सभी परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का परीक्षण भी किया जा चुका है। जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रबंध करा दिया गया है।

**केंद्रों के पास सक्रिय रहेगी क्यूआरटी :**

परीक्षा केंद्रों के आस-पास क्यूआरटी भी सक्रिय रहेगी। उन्होने अपना मोबाइल नंबर शेयर करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में पांच मिनट के अन्दर अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा कि प्रयागराज शिक्षा का केंद्र है इसलिए हम सब को मिलकर सामूहिक सहयोग करते हुए परीक्षा को नकलविहीन सकुशल एवं शुचितापूर्ण संपन्न कराना है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे सभी अधिकारी भ्रमणशील रहेंगे और आवश्यकता अनुसार स्वयं मेरे द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया जायेगा। संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. बीएस यादव, केके त्रिपाठी, किरन राय, रवि कुमार आदि रहे।

## हरदोई के गोकुल थाने में तैनात मऊआइमा निवासी सिपाही की बीमारी से हुई मौत

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सिकंदर पुर बाराडीह निवासी हरदोई के गोकुल थाने में तैनात सिपाही की बीमारी के कारण मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकन्दरपुर बराडीह निवासी रंजीत कुमार सरोज 26 वर्ष पुत्र सुखराज 2018वैच के सिपाही थे। बताया गया है कि वह हरदोई के गोकुल थाने में तैनात था। बताया गया है कि रंजीत कुमार सरोज दो माह से बीमार थे वह अवकाश लेकर इलाज करा रहे थे। बताया गया है कि बीती रात रंजीत कुमार सरोज की मौत हो गई।उसकी मौत की खबर सुनकर पत्नी मनीषा देवी और पिता सुखराज ,माता रजवंती देवी एंव बडी बहन आरती,छोटा भाई संजीव कुमार,पूजा का रो रो कर बुरा हाल। मृतक रंजीत कुमार का एक छह माह का दुधमुहा बच्चा है। बताया गया है कि लखनऊ के निजि अस्पताल में चल रहे उपचार के दौरान मौत पर शव पोस्टमार्टम कराया गया। बाद में शाम को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# कंडक्टर पर हमला करने वाले छात्र की जमानत खारिज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धार्मिक नारे लगाते हुए बस कंडक्टर पर सरेआम चापड़ से हमला करने वाले इंजीनियरिंग छात्र लॉरेब हाशमी की जमानत अर्जी खारिज हो गई। मंगलवार को जिला अदालत में मामले की सुनवाई हुई। सत्र न्यायालय ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद लॉरेब को जमानत देने का आधार अपर्याप्त माना। यह आदेश सत्र न्यायाधीश संतोष राय ने आरोपित के वकील व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद अग्रहरि के तर्कों को सुनने के बाद दिया। न्यायालय ने कहा कि मामले की समस्त परिस्थितियों और अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार किए जाने का आधार पर्याप्त नहीं है। असल में इंजीनियरिंग छात्र लॉरेब हाशमी के खिलाफ पुलिस से काफी साक्ष्य जुटा लिए थे। सीसीटीवी फुटेज के साथ ही लॉरेब के पुराने वीडियो, उनके करीबियों के बयान, घटनास्थल पर चश्मदीदों के बयान आदि को आधार बनाकर पुलिस के पैरवी सेल ने भी काफी मशक्कत की थी।

### बस में चापड़ से हमला, सड़क पर दौड़ा था छात्र

24 नवंबर को सुबह करीब नौ बजे औद्योगिक क्षेत्र में प्रयागराज मिर्जापुर राजमार्ग पर बीटेक छात्र ने ई-बस में सफर के दौरान परिचालक हरिकेश विश्वकर्मा (32) पर चापड़ से हमला कर दिया था। गर्दन व पेट पर चापड़ से कई वार किए थे। हमलावर ने बस में रहे दूसरे परिचालक पर भी चापड़ से वार कर जख्मी कर दिया था। इसके बाद धार्मिक नारे लगाते हुए निकला भागा था। कुछ घंटे बाद गिरफ्तारी हुई तो पुलिस लॉरेब को लेकर चापड़ बरामदगी को निकली। इसी बीच लॉरेब फरार होने की कोशिश करने लगा और मुठभेड़ में उसे गोली लग गई थी। उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जख्मी परिचालक हरिकेश पुत्र राम शिरोमणि विश्वकर्मा सेमरी सरायममरेज का रहने वाले है। दूसरे परिचालक नंदन यादव को बीच बचाव करने पर जख्मी किया गया था।

### धार्मिक नारे वाले वीडियो से फैली थी सनसनी

इंजीनियरिंग छात्र लॉरेब हाशमी के कई वीडियो ने प्रयागराज में सनसनी फैला दी थी। यमुनापार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र लारेब हाशमी पुत्र मो. युनुस निवासी हाजीगंज, सोरांव के कई वीडियो सामने आए थे। हमले के बाद परिचालक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने लॉरेब को गिरफ्तार कर लिया था।



## विहंगम योग संस्थान में स्वच्छता प्रहरियों को किया गया सम्मानित

**झूंसी।** श्री सद्गुरु सदाफल देव महाराज के 70वें परम निर्वाण दिवस के पावन अवसर पर विहंगम योग संस्थान के तत्वावधान में माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर 3 में सद्गुरु आचार्य स्वतंत्र देव जी महाराज एवं स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के सान्निध्य में स्वच्छ्ता प्रहरी - सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें माघमेला क्षेत्र में स्वच्छता प्रहरी के रूप में सेवा दे रहे लगभग 2000 स्वच्छता प्रहरियों को पहले भोजन कराया गया तत्पश्चात उनको कम्बल और मिष्ठान्न देकर समानित भी किया गया। इस अवसर पर संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संतो का जीवन परमार्थ के लिए ही होता है। हम अपने लिए नहीं, अपनों के लिए जीते हैं। मात्र अपने स्वयं के लिए जीवन बिता देना भारतीय संस्कृति का संदेश कभी नहीं रहा है। मानव जीवन अत्यंत अमूल्य है। विहंगम योग संस्थान एवं स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के द्वारा- रक्तदान, वस्त्र वितरण, आपदा राहत कार्य, वृक्षारोपण, निःशुल्क चिकित्सा, निःशुल्क आवासीय शिक्षा आदि सामाजिक सेवा के अनेकों प्रकल्प प्रतिवर्ष हजारों लोगों के मध्य संचालित किया जाता रहता है। इस अवसर पर डॉ. सच्चिदानंदा, विजय बहादुर, रामबाबू केशरवानी, संजय पंडा, योगेन्द्र गुप्ता आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर मिली 239 शिकायतें ,8 का मौके पर निस्तारण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 239 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 8 शिकायतों को मौके पर ही किया गया निस्तारित जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में मंगलवार को फूलपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थी मुन्ना सिंह व अन्य निवासी मौजा फिरोजपुर, परगना झूंसी तहसील फूलपुर ने कुछ लोगो के द्वारा आरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की गयी तथा मामले की जांच के लिए आरआई/लेखपाल की संयुक्त टीम गठित करके रास्ते की भूमि का सीमांकन करने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिसपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार फूलपुर को प्रकरण की जांच कर 7 दिन के अंदर आख्या उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। प्रार्थी राम अनूप पुत्र बंशी लाल निवासी ग्राम अतरौरा, परगना सिकन्दरा, तहसील व थाना फूलपुर के द्वारा कराये जा रहे निर्माण में विपक्षीगणों द्वारा अवरोध उत्पन्न किए जाने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार फूलपुर को आवश्यक कार्यवाही करते हुए आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए है।सम्पूर्ण समाधान दिवस पर (राजस्व विभाग की 123, पुलिस की 55 व अन्य विभागों की 61) कुल 239 शिकायतें आयीं, जिनमें से 8 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती, उपजिलाधिकारी फूलपुर तपन मिश्रा, तहसीलदार फूलपुर राजेश कुमार पाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आम जनमानस के लिए सहायक है पत्रकार : पुलिस उप महानिरीक्षक

## भारतीय पत्रकार संघ का 24वां प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

अखंड भारत संदेश






**प्रयागराज।** भारतीय पत्रकार संघ का 24वां प्रांतीय अधिवेशन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय माघ मेला में मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस राजीव नारायण मिश्र पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला ने संबोधित करते हुए पत्रकारों को आम जनमानस के लिए सहायक बताया। श्री मिश्र ने कहा कि पत्रकारो के समाज में नकारात्मक खबरों की जगह सकारात्मक खबरों को प्रमुखता देना चाहिए। पुलिस और पत्रकार एक दूसरे के पूरक हैं। जन समस्यायों के लिए दोनों को मिलकर काम करना चाहिए। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चन्द द्विवेदी ने संघ के सभी सदस्यों को निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के राष्ट्रीय महामंत्री सूर्यकान्त शुक्ल ने कहा कि पत्रकार को सदैव जन कल्याण की पत्रकारिता निर्भीक होकर करनी चाहिए। महामंत्री ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रकार कल्याण हेतु सात सूत्रीय ज्ञापन का मांग पत्र माघ मेला प्रशासन के माध्यम से सौंपा । कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुपम आनन्द श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष राम लखन गुप्ता, अरविंद कुमार पांडेय, राज बहादुर श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण केशवानी, नरेंद्र कुमार तिवारी प्रयागराज मंडल प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल, शिवकुमार पटेल, सुशील केशरवानी, राम सेवक प्रजापति, जिलाध्यक्ष चंदौली अनिल दुबे, जिला अध्यक्ष प्रयागराज नीरज मिश्र, वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, अरविंद कुमार गाजीपुर जिलाध्यक्ष, अनुराग श्रीवात्व, शशि भूषण सिंह उर्फ बब्बू पटेल मदन केसरवानी विवेक वाजपेई, फोरार अब्बास भदोही सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के जिला अध्यक्षों ने विषय वस्तु पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, गंगापार जिला अध्यक्ष रुप नारायण तिवारी ने किया। कार्यक्रम में समाज में विशिष्ट कार्य करने वाले अधिकारियो और पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# अपनी भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए मुझे व बेसिक शिक्षा विभाग को कर रही है बदनाम : नारायण सिंह सहायक अध्यापक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विकासखंड शंकरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय चंद्रालोनियान की पूर्व प्रधानाध्यापिका शशि मिश्रा द्वारा विगत कुछ महीनो से तथ्य हीन,अमर्यादित सरकारी आचरण नियमावली के विरुद्ध वीडियो /ऑडियो वायरल करते हुए मुझे व बेसिक शिक्षा विभाग को बदनाम किया जा रहा है। शशि मिश्रा के विरुद्ध ग्रामवासियों व सामाजिक कार्यकताओं द्वारा आईजीआरएस व तहसील दिवस के माध्यम से कई शिकायतें की गई और जांचोंपरांत उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित हुई । जांच अधिकारी द्वारा उनके विरुद्ध पाए गए आरोपों के संबंध में साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण हेतु पर्याप्त समय देते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। किंतु उनके द्वारा जांच में कोई सहयोग नहीं किया गया और जिसकी पुष्टि विगत माह में इनके द्वारा वायरल वीडियो से की जा सकती है। सक्षम अधिकारियों द्वारा विभागीय कार्रवाई की गई। जिससे क्षुब्ध होकर इन्होंने तरह-तरह के झूठे आरोप लगाकर मुझे, विभागीय अधिकारियों व बेसिक शिक्षा विभाग को बदनाम किया जा रहा है। जिससे मैं मानसिक रूप से परेशान हूं और सामाजिक रूप से भी मेरी छवि खराब की जा रही है। मेरे संबंध में जो भी आरोप लगाए गए हैं। उसके लिए मैं अधिकारियों के सामने आने को तैयार हूं। जो भी दोषी हो कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। इनके द्वारा प्राथमिक विद्यालय चंद्रालोनियान में विगत कई वर्षों से प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य करते हुए विभागीय आदेशों का उल्लंघन किया गया। जिसमें फर्जी नामांकन, कंपोजिट ग्रांट का दुरुपयोग, विद्यालय में कोई सामान व अभिलेख ना होना। विगत वर्षों में ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायतों व भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए फर्जी व गलत तरीके से वीडियो/ऑडियो वायरल किया जा रहा है। इस पूरे प्रकरण में जिले के दो तथाकथित शिक्षक नेताओं की भी भूमिका है। जिनका इतिहास विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के फर्जी ऑडियो/वीडियो बनाकर उनको बदनाम करना व धन उगाहना है। उक्त बातें नारायण सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय चंद्रा लोनियान विकास खंड शंकरगढ़ प्रयागराज के द्वारा कही गई हैं।

## जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त ने सुनी फरियाद



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा दिनांक 20 फरवरी 2024 को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गयेए और यह भी निर्देशित किया गयाए साथ ही शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जायए इसका भी विशेष ध्यान दिया जाय। ष्सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान नगर निगम प्रयागराज के समस्त विभागाध्यक्ष तथा जोनल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी हैं ये भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं। जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो वह अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप से देखकर किसी भी विषय वस्तु पर वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं। कौडिहार विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय उठगी के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण प्रत्यक्ष रूप से ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों को देखकर शैक्षिक क्षमता वृद्धि के लिए सहायक अध्यापिका अनीता सोनकर के मार्गदर्शन में कराया गया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने आनंद भवन, चंद्रशेखर आजाद पार्क, चंद्रशेखर आजाद पार्क स्थित संग्रहालय, कंपनी बाग परिसर में स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अकबर का किला, किले के अंदर अवस्थित सनातन अक्षय वट, माघ मेला क्षेत्र एवं अन्य धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। कंपनी बाग में स्थित नर्सरी में विभिन्न प्रकारके पौधों से परिचित कराया गया । जिसे देखकर बच्चे बहुत ही आश्चर्यचकित एवं उत्साहित हो रहे थे' अनीता सोनकर के साथ साथ विनीता देवी त्रिपाठी ,सरिता गुप्ता,सरिता सिंह एवं दिनेश कुमार के द्वारा ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के विषय में जानकारी दी जाती रही। जिस बच्चे लगातार अपने नोटबुक में लिख रहे थे। बच्चों को माघ मेला लगाए जाने के पीछे के धार्मिक एवं ऐतिहासिक बच्चों की जानकारी दी गई। अकबर द्वारा किला बनाए जाने के उद्देश्य , शहीद चंद्रशेखर के बलिदान, एवं संग्रहालय में रखी हुई प्राचीन धरोहरों से परिचय कराया गया। बौद्धिक क्षमता संवर्धन हेतु ऐसे भ्रमण कराना अति आवश्यक है' अभिभावकों के द्वारा पूरा सहयोग प्रदान करते हुए शैक्षणिक भ्रमण की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। बच्चे आनंदित एवं उत्साहित रहे और उनकी जिज्ञासा भ्रमण के दौरान अपने ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को नजदीक से जानने एवं समझनें के लिए बनी रही।

## राम, कृष्ण हमारे पूर्वज, इनकी जन्मस्थली पर सनातनियों का हक : संत तुलसीदास

**प्रयागराज।** अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर का निर्माण सनातनियों की कामना का प्रतिफल है। अयोध्या काशी, मथुरा सनातन धर्म की आत्मा है। सनातनी हिन्दुओं के लिए तीनों धार्मिक स्थल ऐतिहासिक आस्था का केंद्र बिंदु है। काशी और मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर, देर से ही सही किंतु मंदिर बनना चाहिए। उक्त बातें माघ मेला शिविर में सद्गुरू अड़गड़ानंद की गद्दी संभाल रहे संत तुलसीदास महराज ने कही। उन्होंने कहा मंदिर निर्माण के लिए अदालत के सहारे की जरूरत नहीं है, क्योंकि जो प्रमाणिक है, उसे सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं होती। संत तुलसीदास ने कहा राम, कृष्ण हमारे पूर्वज है। पूर्वजों की जन्मस्थली की विरासत सहेजना सनातनियों का हक है। इतिहास भी बताता है कि सभी के पूर्वज सनातनी थे। ईसा दो हजार वर्ष पूर्व तथा इस्लाम चौदह सौ वर्ष पुर्व की उत्पत्ति हैं। जबकि अनादि काल को छोड़ दें तो पांच हजार दो सौ वर्ष पुराना भगवान श्रीकृष्ण का लेखा-जोखा मिलता है। तुलसीदास ने अयोध्या में नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नही होने पर कुछ संतों से हुई चूक बताया। उन्होंने अयोध्या, काशी, मथुरा की तरह मां गंगा की पवित्रता को भी प्रदुषण की बेड़ियों से मुक्त कराने की जरूरत बताई। कहा मां गंगा से करोड़ों, अरबों लोगों की आस्थाएं जुड़ी है। संत तुलसीदास ने स्वामी अड़गड़ानंद महराज द्वारा रचित यथार्थ गीता के संदर्भ में बताया गुरूदेव अनपढ़ थे, 21 वर्ष की कठोर साधना के बाद यथार्थ गीता की रचना की।यथार्थ गीता में श्रीकृष्ण जब अर्जुन को उपदेश दे रहे थे, उस समय उन भावों का ज्यों का त्यों चित्रण किया गया है। यथार्थ गीता की विशेषता यह है कि नियमित अंतःकरण से अध्ययन करने पर अद्भुत अदृष्य शक्ति साथ रहने का आभास होता है।

**मां गंगा की पवित्रता को भी प्रदूषण की बेड़ियों से मुक्त कराना होगा**

# प्राथमिकता के आधार पर हो शिकायतों का निस्तारणः डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पट्टी में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें, छह मामलों का मौके पर किया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 210 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपसथ्ति हुये जिनमें से 06 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 210 शिकायतों में से 85 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 40, विकास विभाग से 25, समाज कल्याण से 06, शिक्षा से 04 एवं 50 अन्य विभागों से सम्बान्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता अमन वर्मा निवासी भदवछ ने शिकायत किया कि मेरे पिता स्व0 राम कृपाल वर्मा का मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील पट्टी द्वारा जारी नही किया जा रहा है जबकि ब्लाक आसपुर देवसरा से रिपोर्ट लगाकर एसडीएम पट्टी कार्यालय में 30 जनवरी 2024 को दाखिल हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु बार-बार मुझे तहसील पट्टी के चक्कर लगाना पड़ा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पट्टी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया जल्द से जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करायें। शिकायकर्ता श्याम बहादुर पटेल निवासी धरमपुर ने अबैध कब्जा खाली कराकर आवागमन को चालू करने के सम्बन्ध में शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथधाम एवं लेखपाल को निर्देशित किया तत्काल अवैध कब्जा को खाली कराने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता रमराजी उर्फ छोटकी (80 वर्ष) निवासी सेमराडीह ने शिकायत किया कि विपक्षी रवीन्द्र कुमार आदि द्वारा प्रार्थिनी को मृतक दिखाकर जमीन हड़प रहे है और परिवार रजिस्टर व मतदाता सूची से नाम कटवा दिये जिस पर जिलाधिकारी संज्ञान में लेते हुये परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया कि जिस सेक्रेटरी द्वारा रमराजी को मृतक घोषित किया गया है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये, इस प्रकरण पर पुलिस अधीक्षक ने एसओ आसपुर देवसरा को निर्देशित किया कि विपक्षी रवीन्द्र कुमार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाये।



समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

इसी प्रकार सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। उन्होने राजस्व प्रकरणों के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम जाकर निष्पक्ष जांच कर शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होने कहा कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को समझे और उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके, अधिकारीगण अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, उपजिलाधिकारी पट्टी, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



अक्षत श्रीवास्तव



प्रतीक तिवारी

# जेईई मेन्स परीक्षा में जे एम जी के बच्चों ने लहराया परचम

## प्रबंधक व प्रधानाचार्य व स्टॉफ ने दी शुभकामनाएं

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत स्थित जे एम जी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल कालाकांकर के उदीयमान छात्र अक्षत श्रीवास्तव 92.2 एवं प्रतीक तिवारी 90.40 ने जनवरी 2024 में संचालित जेईई मेन्स परीक्षा में सफलता का परचम लहरा अपनी प्रतिभा का जलवा कायम किया। दोनों छात्र जून 2024 में होने वाली जेईई एडवांस लेवल की परीक्षा में सम्मिलित होंगे इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रेसिडेंट वी. एन. शुक्ल एवं प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा के साथ समस्त स्टॉफ ने होनहार छात्रों को बधाई दी और जेईई एडवांस परीक्षा में इनकी सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं दिया। स्कूल व परिवार का नाम रोशन करने वाले होनहार बच्चो से अन्य छात्र छात्राओं को प्रेरणा के स्रोत भी बताया। इस मौके पर रेखा शर्मा, तरन्नुम बानो, कुलदीप श्रीवास्तव, हेमंत सिंह, ब्रजेश तिवारी, गोविंद माधव शरण, अमित राज मिश्र, आयुष मिश्रा, अभिनीत द्विवेदी आदि लोग रहे।

# डिजिटल भारत में स्मार्ट फोन वर्तमान समय की आवश्यकताः प्रो0 मनोज मिश्र

## एमडीपीजी कालेज में 97 विद्यार्थियों को वितरित किया गया स्मार्ट फोन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत आज 97 विद्यार्थियों में स्मार्टफोन वितरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा की स्मार्टफोन वर्तमान समय की आवश्यकता है। डिजिटल भारत का विजन तभी कामयाब होगा जब हमारे पास संसाधन हों इसी कड़ी में सरकार द्वारा विद्यार्थियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इसका उपयोग अपने ज्ञान में वृद्धि व अन्य आवश्यक सेवाओं को सुलभ बनाने में करें। भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की मंशा पूर्ण डिजिटलीकरण की है। इससे विद्यार्थियों को ई बैंकिंग, ई-कॉमर्स एवं अपनी आगे की पढ़ाई में अत्यधिक सहूलियत मिलेगी। स्मार्टफोन का वितरण वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ सी एन पांडे की निगरानी में हुआ। आज वर्ष 2023 में बीकॉम उत्तीर्ण करने वाले 97 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिया गया। स्मार्टफोन वितरण के प्रभारी प्रोफेसर पी के सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में प्रो अरविंद मिश्र, डॉ बलराज मिश्र, आकांक्षा मिश्रा, अमित वत्स, अतुल पांडे, सभाजीत यादव, महेंद्र पटेल, विनोद कनौजिया, शिव शंकर, अयूब, राकेश आदि ने सहयोग किया। वर्ष 2023 में बीएससी उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को 21 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे स्मार्टफोन वितरित किया जाएगा।



स्मार्ट फोन के लाभार्थियों के साथ प्राचार्य व शिक्षकगण।

# इंसान की तरह हर रोबोट में होता है ब्रेन

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में हुई रोबोटिक्स वर्कशाप

### कक्षा-3 से 9 तक छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्यू एंजिल्स सी0 से0 स्कूल में रोबोटिक्स की वर्कशाप हुई। इस वर्कशाप में कक्षा 3 से कक्षा 9 तक के छात्र छात्राओं को रोबोटिक्स की जानकारी और शिक्षा के क्षेत्र में उसकी उपयोगिता बताने के लिये रितिक श्रीवास्तव आए। उन्होंने रोबोटिक् लैब में प्रोजेक्टर की सहायता से अल्ट्रासोनिक सेन्सर और इन्फ्रारेज़ सेन्सर से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के प्रयोग कराए।

उन्होंने बताया कि इन्सान की तरह हर रोबोट में भी एक ब्रेन होता है जो उसको कन्ट्रोल करता है। उन्होंने आर्टिफीशियल इन्टेलीजेन्स और रोबोटिक्स की मदद से किस प्रकार कार्य होता है, इसकी जानकारी भी बच्चों को दी। इस अवसर पर प्राइमरी विंग की शिखा शुकला, प्रियंका, कुमारी प्रिया, मीनाक्षी एवं सीनियर विंग की शकुन्तला सिंह, शिखा पाण्डे, प्रिया श्रीवास्तव, और राजेन्द्र मिश्रा विज्ञान एवं कम्प्यूटर टीचर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मैनेजर एच आर एफ जीनत ने और संचालन कम्प्यूटर विभाग के एचओडी आदिल शाहिद ने किया। प्रधानाचार्य बी के सोनी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया कि वे खूब ज्ञान अर्जित करके भविष्य में स्वयं रोबोट बनाएं। प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने नितिन का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को याद दिलाया कि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 दया शंकर मिश्रा द्वारा जनपद प्रतापगढं में रोबोटिक लैब का उदघाटन किया गया था। उन्होंने जो बीज रोपित किया था वो बिरवा दिनों-दिन विकसित हो रहा है। डॉ शाहिदा ने सभी बच्चों को बधाई दी और इसी प्रकार प्रगति पथ पर अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया।



रोबोटिक्स वर्कशाप में जानकारी हासिल करते बच्चे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का हुआ सारस्वत अभिनन्दन

### स्व. अरुण कुमार पाण्डेय की स्मृति में मनाया गया सद्भावना दिवस समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज रामनगर (अठगवां) के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार स्व. अरुण कुमार पाण्डेय के 8वें पावन-स्मृति-दिवस पर, जिला पंचायत सभागार में सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्व. पाण्डेय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करने के साथ ही उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का सारस्वत अभिनन्दन अंगवस्त्रम, स्मृति-चिन्ह व सम्मान पत्र आदि भेंटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सूचना आयुक्त एवं एनयूजे (आई) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सक्सेना व संचालन एनयूजे (आई) के जिला महामंत्री डॉ. अमित कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज रामनगर (अठगवां) के प्रबंधक डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि आज भी समाज के लोग मीडिया से ही अपेक्षा करते हैं कि मीडिया उनकी आवाज बनें। पत्रकारिता के जरिए स्व. अरुण कुमार पाण्डेय जी ने जनसाधारण की आवाज़ को उठाने का कार्य किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद एनयूजे(आई) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी ने कहा कि आज का दौर नयी पत्रकारिता का है। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि व जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी हैं। एनयूजे (आई) यूपी के संरक्षक सुरेंद्र दुबे ने कहा कि सामाजिक सरोकारों तथा सार्वजनिक हित से जुड़कर ही पत्रकारिता सार्थक बनती है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का सम्मान कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने उपस्थित अतिथियों के साथ सम्मान पत्र, अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह आदि भेंटकर किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता रामसेवक त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल मिश्र, राज नारायण शुक्ल राजन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश त्रिपाठी, एनयूजे(आई) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हरीश सैनी, वरिष्ठ अधिवक्ता राधेकृष्ण त्रिपाठी, इं. विशाल नाथ तिवारी, श्रीकांत पाण्डेय, डॉ. संगम लाल त्रिपाठी, डॉ. आशीष त्रिपाठी, आत्म प्रकाश मिश्र, राधेश्याम त्रिपाठी आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव कुमार सिंह, गिरजेश तिवारी, मनोज तिवारी, बृजेन्द्र सिंह बबलू, संजय द्विवेदी, गौरव श्रीवास्तव, राजेन्द्र पाण्डेय, विनय पाठक, अमित शुक्ल, धीरेंद्र तिवारी, एनयूजे(आई) के जिलाध्यक्ष अखिल नारायण सिंह, आनन्द मोहन ओझा, विकास गुप्ता, चंदन सिंह, आर. बी. सिंह, शिवेश शुक्ल, अपना दल विधि मंच के महासचिव परमानन्द मिश्र, कल्पना तिवारी, पूनम इंसान, प्रबंधक जितेन्द्र मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजकगण।

# जल जीवन योजना के तहत स्वच्छता वाहन हुए रवाना, जागरूकता कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक परिसर में मंगलवार को पेयजल एवं स्वच्छता समिति का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के बाद जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छता एवं पेयजल के जागरूकता वाहनों को गांवों के लिए रवाना किया गया। खण्ड विकास अधिकारी इंदुप्रकाश श्रीवास्तव ने इन वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता के तहत गांव में स्वच्छ परिवेश तथा जल संचयन को लेकर लोगों से सहयोग का आहवान किया गया। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत पेयजल योजना में मरम्मत के तहत रोजगार सृजन की भी अधिकारियों ने जानकारियां प्रदान की। सार्वजनिक शिक्षोन्यन संस्थान लखनऊ के द्वारा स्वयंसेवको ने स्वच्छता मिशन में जागरूकता के साथ लोगों के अहम सहयोग के टिप्स दिये। जागरूकता कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश को स्वच्छ परिवेश में शौच मुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर स्वच्छता मिशन टीम में शामिल प्रवेश यादव, मनोज गौतम, प्रिंस सोनी, प्रशिक्षिक अनुराग शुक्ल ने बिंदुवार मिशन के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी, पूर्व प्रधान उधम सिंह, मुरलीधर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, विद्युत मिश्र, आदि रहे।

## छेड़खानी के अभियोग से वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 सतीश कुमार यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 807/2023 धारा 354ख, 376, 506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र सुखराम उर्फ कल्लू निवासी सगरा अफीम कोठी थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत के सगरा ढलान के पास से गिरफ्तार किया गया।

# बंद घर खंगाल ले गये चोर, पुलिस जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के सिविल लाइन चौकी अन्तर्गत नगर कोतवाली के अंतर्गत मीराभवन (पूरे ईश्वरनाथ) में बंद घर को बीती रात चोर खंगाल ले गये। सुबह जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो हड़कंप मच गया। परिजनों के मुताबिक घर में रखी नकदी, जेवरात समेत करीब पांच लाख की चोरी का अनुमान किया जा रहा है। परिजन ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 सतीश कुमार यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 866/2023 धारा 376, 506 भादवि से संबंधित एक वांछित अभियुक्त ओमशंकर यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी बानेमऊ थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर चैराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# शादी का झांसा देकर चोरी छिपे दुराचार के आरोपी के साथ हुआ किशोरी का थाने में विवाह

## थाने परिसर के मंदिर मे दोनो का हुआ विवाह, साक्षी बने पुलिस व ग्रामवासी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव में गांव का नाबालिक दलित किशोर गांव की नाबालिक दलित किशोरी के साथ चोरी छिपे शादी का झांसा देकर दुराचार करता रहा, जब किशोरी पेट से हो गई तो दोनो पक्ष के परिजनों मे हड़कंप मच गया।

पीड़िता नाबालिक किशोरी ने पुलिस को दिये गये तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का ही एक नाबालिक युवक ने मेरे साथ जोर जबरदस्ती से गलत काम किया और बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस पर नाबालिग किशोरी जब पेट से हो गई तो वह फोन से युवक को बताया तो युवक ने बच्चा गिराने को कहा। जिस पर मामला पुलिस के पास पहुंचने पर युवक मुंबई से सीधे घर न जाकर मंगलवार की दोपहर नवाबगंज थाने पहुंचा जिस पर थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने युवक से अकेले मे पुरी बात की जानकारी किया पहले तो इंकार करता रहा लेकिन जब पुलिस ने युवक के मोबाइल का पूरा रिकार्ड प्रिंट आउट दिखाया तो सच्चाई सामने आ गई। थाने मे घंटो दोनो पक्षों मे बात चीत होती रही पुलिस को पूरी सच्चाई मालूम होने पर युवक शादी करने के लिए तैयार हो गया। साथ मे युवती पहले ही शादी के लिए जोर दे रही थी शादी के लिए दोनो पक्ष के लोग राजी हो गये। दोनों पक्षों की सहमति होने पर थाने परिसर के मंदिर मे शास्त्री ने एक दूसरे को जीवन साथी बनने पर वैवाहिक जीवन सुखमय बिताने के लिए वर कन्या को आशीर्वाद दिया, जिसमें दोनो पक्ष के महिलाये पुरुष व ग्राम प्रधान पति सहित नवाबगंज पुलिस साक्षी रही।

## समाधान दिवस में सैंतालिस शिकायतों में दो का निस्तारण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को सैंतालिस शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से अफसरो ने दो शिकायतों का निस्तारण किया। पुलिस परीक्षा को लेकर समाधान दिवस पिछले समाधान दिवस की जगह मंगलवार को आयोजित किया गया। हालांकि समाधान दिवस में गैरहाजिर दस अफसरों को एसडीएम ने अनुपस्थित करार दिया है। गैरहाजिर अफसरो से स्पष्टीकरण तलब किये जाने से प्रशासनिक गैलरी में हडकंप मच गया।

# दो महीने से राशन न मिलने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**प्रतापगढ़।** रानीगंज क्षेत्र के सिंगाही गांव में लाभार्थियों का अंगूठा लगा कर कोटेदार द्वारा अगले महीने में राशन देने का बहाना बनाया जा रहा था। मंगलवार सुबह राशन न वितरण होने पर महिलाओं ने हंगामा किया। इस दौरान लाभार्थियों ने सप्लाई इंस्पेक्टर पर कोटेदार से मिलीभगत का लगाया आरोप भी लगाया। सूचना के घंटो बाद भी मौके पर कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा जिसे लेकर लाभार्थियों में रोष है।

संपादक की कलम से

## मोदी जी के राम राज्य में स्वागत है

गांधी की कल्पना का राम राज्य, राम से जुड़ी कथाओं से भी ज्यादा, न्याय-अन्याय, पुण्य-पाप, सही-गलत की उनके नैतिक विवेक से बना था, जिसके केंद्र में थी मनुष्य की बराबरी। और यह बराबरी इसकी मांग करती थी कि जो सबसे पीछे है, सबसे कमजोर है, उसे बराबरी पर लाने के लिए, सबसे ज्यादा मदद दी जाए। 'कतार के आखिरी आदमी' की चिंता का गांधी का तावीज इसी से निकला था।

सिर्फ (राम) मंदिर ही नहीं बना है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस साल में व्यावहारिक रूप से राम राज्य की अवधारणा को लागू कर दिया है' ये शब्द हैं, नई-दिल्ली में 17-18 को हुई भाजपा की भीमकाय राष्ट्रीय कन्वेंशन में पेश किए गए और स्वीकार किए गए राजनीतिक प्रस्ताव के, जो पूर्व-भाजपा अध्यक्ष व वर्तमान रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने पेश किया। नई-दिल्ली में, जी-20 के लिए विशेष रूप से निर्मित, भारत मंडपम में हुई इस कन्वेंशन में करीब बारह हजार भाजपा नेताओं ने हिस्सा लिया बताया जाता है। इसी कन्वेंशन ने एक अन्य निर्णय में जिस प्रकार भाजपा के संविधान में संशोधन किया है और वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल चुनाव के बाद तक के लिए बढ़ाने के अलावा, अध्यक्ष के चुनाव की व्यवस्था में ही संशोधन कर, संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष का चयन करने का अधिकार दे दिया है, उससे कम से कम इतना तो निश्चयपूर्वक कहा ही जा सकता है कि इस तरह की राष्ट्द्रीय कन्वेंशन का औपचारिक दर्जा, इस पार्टी के सर्वोच्च निकाय का होना चाहिए। इस तरह, अब भाजपा के सर्वोच्च निकाय ने बाकायदा प्रस्ताव पारित कर यह ऐलान कर दिया है कि अपने राज के दस साल में नरेंद्र मोदी, भारत में 'राम राज्य' ले आए हैं। यहां से खुद मोदी जी का नया राम या राम का अवतार घोषित किया जाना, सिर्फ आधा कदम की दूरी पर रह जाता है।

यह भाषण के प्रवाह में कोई अतिशयोक्ति हो जाने का मामला नहीं है। यह सत्ताधारी पार्टी की शीर्ष कन्वेंशन के अति-महत्वपूर्ण प्रस्ताव के सूत्रीकरण का मामला है। और ऐसा लगता है कि यह सिर्फ एक प्रस्ताव तक सीमित मामला भी नहीं है। भाजपा अध्यक्ष, जेपी नड्डद्दा द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में भी यही दावा किया गया था। हां! उसमें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठद्दा को 'भारत में अगले एक हजार साल के लिए 'राम राज्य' की स्थापना का अग्रदूत' बताया गया था। और यह भी कि 'भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करते हुए, प्रधानमंत्री ने देश में सुशासन की स्थापना कर के सच्चे अर्थ में 'राम राज्य' की भावना को लागू किया है।' इस तरह, नरेंद्र मोदी के हाथों राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठद्दा के रास्ते, संघ-भाजपा तेजी से, मोदी के देश में 'राम राज्य' ले आने के दावे की ओर छलांग लगाते नजर आते हैं। बेशक, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और पहले मंदिर के शिला पूजन और अंततः मंदिर की प्राण प्रतिष्ठद्दा के केंद्र में नरेंद्र मोदी के खुद को स्थापित करने से, इतना तो पहले ही पूरी तरह से स्पष्टद्द था कि 'नरेंद्र मोदी के अयोध्या में मंदिर बनवाने' के दावों का, 2024 के आम चुनाव में संघ-भाजपा द्वारा खुलकर दोहन किया जाएगा। फिर भी, उनके इतनी तेजी से 'राम राज्य' कायम कर चुके होने के दावे पर पहुंच जाने से उनके आलोचकों ही नहीं, गैर-अंधभक्त समर्थकों को भी कुछ हैरानी जरूर हुई होगी।

इस हैरानी की वजह यह है कि 'राम राज्य' कायम कर देने का दावा, सिर्फ धर्म तथा विशेष रूप से बहुसंख्यक समुदाय के धर्म और राजनीति के गड्डद्दमड्डद्द कर दिए जाने का ही मामला नहीं है। बेशक, वर्तमान संघ-भाजपा निजाम में, बहुसंख्यक समुदाय के धर्म और राजनीति को गड्डद्दमड्डद्द किए जाने को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया गया है। यह खासतौर पर मोदी के राज के दस साल में हुआ है और जैसा कि हमने पहले कहा, राम मंदिर के बहाने से इसे बहुत तेजी से आगे बढ़ाया गया है। उसमें भी प्राण प्रतिष्ठद्दा ईवेंट के बहाने से, जिस तरह से सिर्फ प्रधानमंत्री को ही नहीं बल्कि राष्ट्द्रपति, उपराष्ट्द्रपति समेत, समूचे शासन तथा प्रशासकीय तंत्र को, एक बहुसंख्यक धार्मिक आयोजन में खींचा गया है और जैसे 'राष्ट्द्र' और 'राम' को समकक्ष के रूप में आपस में जोड़ने की कोशिश की गयी है, उसने इस सिलसिले को नयी ऊंचाई पर पहुंचा दिया। बाद में संसद से प्रस्ताव पारित कराने के जरिए, राम और राष्ट्द्र के पर्याय बनाए जाने पर, राज्य के सर्वोच्च निकाय की भी मोहर लगवा दी गयी। लेकिन, बहुसंख्यक धार्मिक विश्वासों तथा आचारों को काफी हद तक 'राष्ट्द्रीय' की मान्यता दिलाने के इस मुकाम के बाद भी, 'राम राज्य' की घोषणा से कुछ झटका तो लगता ही है।

यह झटका लगने की एक बड़ी वजह यह है कि आम भारतीय के लिए और जाहिर है कि आम हिंदू के लिए भी, 'राम राज्य' कम से कम एक 'धर्म-आधारित राज्य' का मामला किसी भी तरह नहीं है। राम बेशक, धार्मिक प्रतीक हैं, लेकिन उनसे जुड़े राज्य की आम भारतीय की संकल्पना, ऐसे धर्म-आधारित राज्य की किसी भी तरह से नहीं है, जो समुदायों के बीच और जाहिर है कि व्यक्तियों के बीच भी, किसी भी तरह से भेदभाव करता हो। राम राज्य की संकल्पना, मूलतः धार्मिक आस्था का मामला है, जबकि धर्म-आधारित राज्य की संकल्पना मूलतः सांप्रदायिक भेदभाव बल्कि ऊंच-नीच का मामला है, जो समुदायों में, शासक और शासित समुदाय बनाती है। भारत जैसे मिली-जुली रहनी की परंपरा के देश में, राम राज्य की ऐसी धर्म-आधारित राज्य की संकल्पना, लोगों को आसानी से स्वीकार नहीं होगी। इसके अलावा इसका एक कारण और है। हमारे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान, जिसमें धर्म-आधारित राज्य की ऐसी किसी भी संकल्पना को बलपूर्वक खारिज किया गया था, इसी आंदोलन की सबसे प्रभावशाली आवाज के रूप में महात्मा गांधी ने 'राम राज्य' की कल्पना का सबसे ज्यादा उपयोग किया था और सचेत रूप से इसे एक धर्मनिरपेक्ष रूप दिया था।

## इजरायल के विरोध का सराहनीय फैसला

7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुए गजा पर इजरायल के हमले किसी भी तरह नहीं रुक रहे हैं। पिछले 4 साढ़े 4 महीनों में लाखों जिंदगियां तबाह हो चुकी हैं। हमास को खत्म करने के नाम पर गजा के लोगों पर इजरायल की क्रूरता किसी तरह न कम हो रही है, न थम रही है। अमेरिका जैसे देशों के समर्थन से इजरायल नरसंहार को बेखौफ जारी रखे हुए है, हालांकि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अल्जीरिया जैसे कुछ देश हैं, जो इजरायल के खूनी खेल के खिलाफ बोल रहे हैं, मगर ताकतवर देश मिलकर न्याय के लिए उठती इन आवाजों को दबा रहे हैं। सत्ता पर बैठे लोगों का रुख जो भी हो, लेकिन दुनिया भर में आम जनता इजरायल की आलोचना कर रही है और गजा में मासूम लोगों के कत्लेआम को रोकने के लिए विरोध-प्रदर्शन, बहिष्कार ऐसे तमाम उपायों को आजमाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब भारत के वॉटर ट्रांसपोर्ट्स वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई) के सदस्य भी जुड़ गए हैं। देश के 11 बड़े बंदरगाहों पर काम करने वाले करीब 35 सौ कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली इस संस्था ने इजरायल भेजे जाने वाले उन जहाजों पर माल ढुलाई से इंकार कर दिया है, जिनमें हथियार और अन्य सैन्य सामग्री की आपूर्ति हो रही है।

संस्था के महासचिव टी नरेन्द्र राव ने कहा कि हमारा संघ हर तरह के युद्ध और मासूम लोगों पर हिंसा के खिलाफ है। इजरायल ने इस वक्त गजा पर जो युद्ध छेड़ा है, उसने हजारों फिलिस्तीनियों को असह्य पीड़ा दी है। इस युद्ध में महिलाओं और बच्चों के चिथड़े उड़ रहे हैं। ऐसे में हमारे संघ ने निर्णय लिया है कि हथियारों से लदे सभी तरह के जहाजों पर हम काम नहीं करेंगे। उनमें माल चढ़ाने या उतारने का काम नहीं करेंगे, क्योंकि इससे उन लोगों को मदद होगी जो मासूमों को मारने में लगे हैं। टी नरेन्द्र राव ने सभी भारतीय बंदरगाहों के कर्मचारियों से हथियारों वाले उन जहाजों पर काम न करने की अपील की जो फिलिस्तीन या इजरायल के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल से तुरंत युद्ध रोकने का आग्रह भी संघ ने किया है। डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने एक जवाबदेह श्रमिक संघ के तौर पर उन लोगों के साथ अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता दर्शाई है, जो शांति के लिए काम कर रहे हैं।

भारत में बंदरगाह कर्मचारियों के पांच संगठन है, जिनमें से डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने सैन्य मालवाहक जहाजों पर काम का बहिष्कार किया है। हो सकता है अब बाकी के संगठन भी ऐसा ही फैसला ले लें। 7 अक्टूबर से अब तक एक भी सैन्य मालवाहक जहाज इजरायल नहीं गया है, लेकिन हाल ही में भारत के मुंद्रा बंदरगाह से इजरायल के लिए सामान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई का यह फैसला खास मायने रखता है। गौरतलब है कि लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने इजरायल तक जहाजों के पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। अगर यह अवरोध बरकरार रहता तो इजरायल थोड़ा कमजोर पड़ सकता था। मगर मोदी सरकार ने इजरायल से दोस्ती निभाने के लिए नया रास्ता खोज निकाला है। अब भारत के मुंद्रा बंदरगाह से यूएई के बंदरगाह तक मालवाहक जहाज भेजा जा रहा है, इसके बाद सड़क मार्ग से सऊदी अरब और जॉर्डन के रास्ते इजरायल तक सामान पहुंच रहा है।

# अन्नदाता ' और सरकार के बीच टकराव


@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com




भारत में किसानों को 'अन्नदाता' कहा जाता है लेकिन उनकी दशा बेहद खराब है। किसानों को अपने अधिकार हासिल करने के लिए हर युग में सत्ता प्रतिष्ठान से लड़ाई लड़ना पड़ती है। भारत का किसान भले अन्नदाता कहलाता हो किन्तु उसने मुगलों से भी लड़ाई लड़ी, अंग्रेजों से भी लड़ाई लड़ी और आज एक बार फिर रामराज चलाने वाली सरकार से उसका टकराव होता दिखाई दे रहा है। किसानों की लड़ाई अंतहीन हो गयी है।

देश को हर तरह की गारंटी देने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी किसानों से सीधे मुंह बात करने को राजी नहीं हैं और उनकी सरकार की और से किसानों से बातचीत करने वाले किसानों को मनाने में नाकाम रहे है। और तुर्रा ये है कि हमारी सरकार दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्तव्यवस्था बनना चाहती है। किसानों की उपेक्षा कर ये सब कैसे मुमकिन होगा ये केवल सरकार जानती है या भगवान। किसानों को तो इस वारे में कुछ आता नहीं है। दुर्भाग्य से देश का प्रधानमंत्री देश का सबसे बड़ा ओबीसी तो है किन्तु सबसे बड़ा किसान नहीं। किसान सरकार से वार्ता नाकाम होने के बाद 21 फरवरी से राजधानी की और कुछ कर सकते हैं। राजधानी में उनके साथ क्या होगा ये सोचकर ही रूह कांपने लगती है। चार साल पहले आई नाबार्ड की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 10.07 करोड़ परिवार खेती पर निर्भर थे। यह संख्या देश के कुल परिवारों का 48 प्रतिशत है। सरकार की कृषि विरोधी नीतियों की वजह से चार साल में ये संख्या घटी या बढ़ी हमें नहीं पता। नाबार्ड की रिपोर्ट पर ही भरोसा किया जाए तो एक कृषि आधारित परिवार में वर्ष 2016-17 में औसतन सदस्य संख्या 4.9 थी। अगल-अलग राज्यों में इसकी संख्या भी अलग-अलग है। उदाहरण के लिए केरल में एक परिवार में 4 सदस्य हैं, तो वहीं उत्तर प्रदेश में सदस्य संख्या 6, मणिपुर में 6.4, पंजाब में 5.2, बिहार में 5.5, हरियाणा में 5.3 कर्नाटक और मध्य प्रदेश में 4.5 और महाराष्ट्र में 4.5 थी।

हमारा अन्नदाता किसान सरकार से 'आसमान के तारे' नहीं बल्कि अपनी फसलों का न्यूनतम दाम मांग रहा है। सरकार को ये दाम देना भी नहीं हैं केवल निर्धारित कर एक कानून बनाना है। दुर्भाग्य ये कि हमारी संप्रभु और प्रभु रामभक्त सरकार ये काम भी नहीं कर पा रही। करे भी तो कैसे, उसे तो अपनी छवि और मंदिर बनाने और उनका उद्घाटन करने से ही फुरसत नहीं है। पहले अयोध्या में राम मंदिर बनवाया, फिर यूएई में बनवाया। अभी कल्किधाम का शिलान्यास किया। किसानों के लिए सरकार के पास समय बचता ही कहाँ है ?

किसान अपनी मांगों को लेकर दस दिन से दिल्ली की सीमा के बाहर डेरा डालकर बैठा है लेकिन सरकार बेफिक्र है। सरकार जानती है कि किसानों के अकेले वोटों से उसे तीसरी बार सत्ता में आने से नहीं रोका जा सकता।

हमारी सरकार रामभक्त सरकार अवश्य है किन्तु किसान भक्त सरकार बिलकुल नहीं है। ये वो सरकार है जो दो साल पहले 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी झूठ बोलने से नहीं चूकी। सरकार ने किसानों के पुराने साल भर चले आंदोलन के बाद जिन तीन विवादित कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी उनके बाद किसानों के मन-माफिक कानून आजतक नहीं बनाये। सरकार की इस हठधर्मिता को क्या नाम दिया जाये ये आप खुद तय करें। ये वो ही सरकार है जो आजतक सुलग रहे मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा करने से लगातार कतराती रही। इस सरकार ने किसानों की ही तरह देश की महिलाओं को ठगने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाकर 'नारीशक्ति वंदन विधेयक' को कानून तो बनाया किन्तु वास्तव में नारी शक्ति की वंदना नहीं की। अभी पिछले साल ही हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से चार राज्यों में जीत हासिल की किन्तु एक भी नारी को मुख्यमंत्री नहीं बनाया। उलटे देश की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार को गिराने में लगी है ये सरकार।

हम आम लोग नहीं जानते कि किसानों की मांगे मानने से सरकार को क्या समस्या आने वाली है, लेकिन सब कुछ मुमकिन करने का दावा करने वाली सरकार कहाँ कमजोर पड़ रही है ये सरकार को अपने श्वेतपत्र में बताना तो चाहिए था। सरकार की रामभक्ति पर लट्टू जनता को ये जानना भी जरूरी है कि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत से अधिक है। कोविड-19 की वजह से पैदा आर्थिक मंदी के बीच 2020-21 में भी किसानों की हिस्सेदारी कम नहीं हुई थी बल्कि बढ़ी थी और इसी वजह से सरकार आर्थिक संकट में फसने से बची थी। हमारी सरकार किसानों का अहसान मानने कि बजाय उन्हें उत्पीड़ित करने में लगी है।

देश का दुर्भाग्य है कि देश जिस किसान वर्ग को 'अन्नदाता' कहता है उसके लिए ही हमारी सरकार राजधानी कि रास्ते में लोहे की कीलें बिछवाती है। कांटेदार तारों की बाद खिंचवाती है। उनके ऊपर गोली -लाठी चलवाती है। ये वे ही किसान हैं जिनकी वजह से सत्तारूढ़ भाजपा को लोकसभा में 303 सीटें मिलीं थी। ये शक्ति किसी अडानी या अम्बानी ने नहीं दी थी, फिर भी किसानों को सरकार अपना शत्रु मानकर व्यवहार कर रही है।

किसानो के प्रति सरकार की दुर्भावना को इसी बात से समझा जा सकता है कि सरकार किसानों को एमएसपी की गारंटी देने कि बजाय उनकी मांगों को अनुचित बताने कि लिए वाट्सअप विश्वविद्यालय के जरिये ये प्रचारित करा रही है की यदि किसानों को एमएससपी दी गयी तो देश को सेना पर किये जाने वाले खर्च से भी ज्यादा खर्च करना पडेगा। सरकार और अन्धभक्तों का ये अजब तर्क है। इससे किसी को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। हालांकि ऐसी कोशिश लगातार की जा रही है।

चूंकि मै माननीय प्रधानमंत्री जी की बातों को बहुत गौर से सुनता हूँ इसलिए मुझे 8 फरवरी 2021 का उनका राजयसभा में दिया गया वो भाषण अक्षरश याद है जिसमें उन्होंने हाल ही में भारतरत्न घोषित किये गए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के कथन का ज़िक्र किया था और कहा था कि चौधरी चरण सिंह अक्सर 1970-71 एग्रीकल्चर सेंसेस का ज़िक्र किया करते थे। मोदी जी ने कहा, था कि "किसानों का सेंसस लिया गया, तो 33 फीसदी किसान ऐसे थे जिनके पास दो बीघे से भी कम जमीन थी, 18 फीसदी ऐसे जिनके पास दो से चार बीघे जमीन थी। ये 51 फीसदी किसान कितनी भी मेहनत कर लें, अपनी जमीन पर इनकी गुजर नहीं हो सकती।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा वक़्त में जिनके पास एक हेक्टेयर से कम जमीन है, वो आज 68 फीसदी हैं। 86 फीसदी किसानों के पास 2 हेक्टेअर से भी कम जमीन है। ऐसे किसानों की संख्या 12 करोड़ है। किन्तु दुर्भाग्य की अब मोदीजी को कुछ भी याद नहीं है। काश ! मोदी जी ने चाय बेचने के बजाय खेती --किसानी की होती। हल चलाया होता। खलिहानों में काम किया होता तो वे किसान की पीड़ा को ढंग से समझ पाते। अब चूंकि देश में राम राज है इसकलिये मैं भगवान राम से ही प्रार्थना करता हूँ कि आने वाले दिनों में देश के किसानों के साथ कोई अनहोनी न हो। उन्हें यथाशीघ्र न्याय मिले।

# विलुप्त होती मातृभाषाओं को बचाना प्राथमिकता हो

विश्व मातृभाषा दिवस, 21 फरवरी 2024 पर विशेष


- ललित गर्ग-





यूनेस्को द्वारा हर वर्ष 21 फरवरी को विश्व मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देना। मातृभाषा के माध्यम से इंसानों को आपस में जोड़ना एवं सौहार्द स्थापित करना। यूनेस्को द्वारा अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा से बांग्लादेश के भाषा आन्दोलन दिवस को अन्तरराष्ट्रीय स्वीकृति मिली, जो बांग्लादेश में सन 1952 से मनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में इस दिन एक राष्ट्रीय अवकाश होता है। 2008 को अन्तरराष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को फिर दोहराया है। 2024 की थीम ह्यबहुभाषी शिक्षा अंतर-पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ हैह्न। आज 250 मिलियन बच्चे और युवा अभी भी स्कूल नहीं जाते हैं और 763 मिलियन वयस्क बुनियादी साक्षरता कौशल में निपुण नहीं हैं। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों की विविध संस्कृतियों एवं बौद्धिक विरासत की रक्षा करना तथा मातृभाषाओं का संरक्षण करना एवं उन्हें बढ़ावा देना इस दिवस का उद्देश्य है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, हर दो सप्ताह में एक भाषा विलुप्त हो जाती है और विश्व एक पूरी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत खो देता है।

जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो ढ़ाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषो दिवस मनाया जाता है।

आज विश्व में ऐसी कई भाषाएं और बोलियां हैं जिनका संरक्षण आवश्यक है। लोकभाषाओं की चिंता इसलिए जरूरी है कि ये हमारी विरासत का एक भाग हैं और हमारी थाती हैं और इनमें जो भी कुछ सुंदर और श्रेष्ठ रचा जा रहा है, उसे सहेजकर रखा जाना चाहिए। यूनेस्को के अनुसार भाषा केवल संपर्क, शिक्षा या विकास का माध्यम न होकर व्यक्ति की विशिष्ट पहचान है, उसकी संस्कृति, परम्परा एवं इतिहास का कोष है। अगर हम भारत की बात करें तो यहां हर कुछ कदम पर हमें बोलियां बदलती नजर आएंगी। 85 संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के तीन हजार विशेषज्ञों के पीपुल्स लिंग्युस्टिक सर्वे आफ इंडिया (पीएलएसआई) के अध्ययन के अनुसार पिछले 50 वर्षों के दौरान 780 विभिन्न बोलियों वाले देश की 250 भाषाएँ लुप्त हो चुकी हैं। इनमें से 22 अधिसूचित भाषाएं हैं। जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार 10 हजार से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली 122 भाषाएं हैं। बाकी 10 हजार से कम लोगों द्वारा बोली जाती है। आयरिश भाषाई विद्वान जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन के बाद पहली बार 1898-1928 के बीच भाषाई सर्वे किया गया है। आजाद भारत में पहली बार किए गए इस पहले सर्वे में चार वर्ष लगे। इस रिपोर्ट के अनुसार भाषाई विविधता की दृष्टि से भारत में अरुणाचल प्रदेश सबसे समृद्ध राज्य है, वहाँ 90 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है। इसके बाद महाराष्ट्र और गुजरात का स्थान है, जहाँ 50 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है। 47 भाषाओं के साथ ओडिशा चौथे स्थान पर है। इसके विपरीत गोवा में सिर्फ तीन भाषाएं बोली जाती हैं तो दादर और नगर हवेली में एक भाषा ह्लगोरपाह्न है, जिसका अब तक कोई रिकार्ड नहीं है।

भारत में यह दिवस विशेष रूप से उन जनजातीय क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है जहाँ बच्चे उन विद्यालयों में सीखने के लिये संघर्ष करते हैं जिनमें उनको मातृभाषा में निर्देश नहीं दिया जाता है। ओडिशा में केवल 6 जनजातीय भाषाओं में एक लिखित लिपि है, जिससे बहुत से लोग साहित्य और शैक्षिक सामग्री तक पहुँच से वंचित हैं। सरकार ने ह्यभाषा संगमह्न कार्यक्रम शुरू किया है, जो छात्रों को अपनी मातृभाषा सहित विभिन्न भाषाओं को सीखने और समझने के लिये प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना भी है। सरकार ने केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान भी स्थापित किया है, जो भारतीय भाषाओं के अनुसंधान और विकास हेतु समर्पित है। मातृभाषाओं की रक्षा हेतु कई राज्य-स्तरीय पहलें भी हैं। उदाहरण के लिये ओडिशा सरकार ने ह्यअमा घरह्न कार्यक्रम शुरू किया है, जो आदिवासी बच्चों को आदिवासी भाषाओं में शिक्षा प्रदान करता है।

करीब 400 से अधिक भाषाएं आदिवासी और घुमंतू व गैर-अधिसूचित जनजातियाँ बोलती हैं। यदि भारत में हिंदी बोलने वालों की तादाद लगभग 40 करोड़ है तो सिक्किम में माझी बोलने वालों की तादाद सिर्फ 4 है। पूर्वोत्तर के पाँच राज्यों में बोली जाने वाली करीब 130 भाषाओं का अस्तित्व खतरे में हैं। असम की 55, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17 और त्रिपुरा की 10 भाषाएं खतरे में हैं। हाल ही में भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह की तकरीबन हजारों साल से बोली जाने वाली एक आदिवासी भाषा ह्यबोह्य हमेशा के लिए विलुप्त हो गई । भारत में मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने उच्च शिक्षा के स्तर पर भी बहुभाषिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्वीकार किया है। भारतीय वैज्ञानिक सी.वी.श्रीनाथ शास्त्री के अनुभव के अनुसार अंग्रेजी माध्यम से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने वाले की तुलना में भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़े छात्र, अधिक उत्तम वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। महात्मा गाँधी ने कहा था, ह्लविदेशी माध्यम ने बच्चों की तंत्रिकाओं पर भार डाला है, उन्हें रट्टू बनाया है, वह सृजन के लायक नहीं रहे। विदेशी भाषा ने देशी भाषाओं के विकास को बाधित किया है ह्न इसी संदर्भ में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम के शब्दों का यहां उल्लेख आवश्यक हो जाता है कि ह्लमैं अच्छा वैज्ञानिक इसलिए बना, क्योंकि मैंने गणित और विज्ञान की शिक्षा मातृभाषा में प्राप्त की ह्नह्न

सशक्त भारत-निर्माण एवं प्रभावी शिक्षा के लिए मातृभाषा में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने अपने से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिये 2021-22 के शैक्षणिक सत्र के लिये लिया है, जिसके अन्तर्गत क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति दी जा रही है। नवंबर 2020 में, शिक्षा मंत्रालय ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें कॉलेजों को मातृभाषा में इंजीनियरिंग की शिक्षा देने की अनुमति दी गई थी। एआईसीटीई के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की शिक्षा दिये जाने के लिए बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल और तेलुगु सहित आठ क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्य-सामग्री के अनुवाद पर काम शुरू कर दिया है।

भारत सुपर पावर बनने के अपने सपने को साकार कर सकता है। इस महान उद्देश्य को पाने की दिशा में विज्ञान, तकनीक और अकादमिक क्षेत्रों में नवाचार और अनुसंधान करने के अभियान को तीव्रता प्रदान करने के साथ मातृभाषा में शिक्षण को प्राथमिकता देना होगा। मातृभाषा जब शिक्षा का माध्यम बनेगी तो मौलिकता समाज में रचनात्मकता का अभियान छेड़ेगी। भाषा और गणित को नई नीति में प्राथमिकता मिलना बच्चों में लेखन के कौशल और नवाचार का संचार करेगा। सृजनात्मक गतिविधियों का वातावरण पैदा करेगा। मातृभाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक मातृ भाषाओं को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए।


**प्रेषक:**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92


# थ्रेडिंग के बाद आईब्रोज में आ जाती सूजन तो करें ये उपाय, जलन से भी मिलेगी राहत


शहनाज हुसैन
(लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेष्ज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय है।)




थ्रेडिंग फैशन और जरूरत दोनों में ही शामिल है। खूबसूरत चेहरे की चाह में आइब्रो की थ्रेडिंग करवाना आम बात है। भौंहों का आकार आपके चेहरे को गजब का आकर्षण दे सकता है। आईब्रो आपके चेहरे के आकर्षण को पूरी तरह से बदल देता है। आईब्रो का अच्छा शेप सुन्दरता में निखार लाता है और लुक को बेहतर दिखाने में मदद करता है। लेकिन कुछ महिलाओं की त्वचा काफी सम्बेदनशील होती है जिसकी वजह से आईब्रो बनवाते समय ज्यादा दर्द होता है।

आइब्रो को सही आकार देने के लिए थ्रेडिंग या ट्वीजिंग का इस्तेमाल करना पड़ता है। और ये दोनों प्रक्रियाएं दर्द से भरी होती हैं। आप भी उनमें से हैं जिन्हें ट्रेडिंग के बाद जलन और लालिमा का सामना करना पड़ता है तो आप कुछ घरेलू टिप्स की मदद से इससे राहत पा सकते हैं। इससे न तो कोई साइड इफेक्ट होगा और नहीं कोई पैसे खर्च होंगें।

1. आइस क्यूब-- थ्रेडिंग के बाद आइब्रो में दाने निकल आते हैं और जलन सूजन लालिमा और मुहांसे हो जाते हैं तो ऐसे में तुरंत बर्फ का टुकड़ा/आइस क्यूब लगाकर आईब्रो पर मसाज करें। इससे जलन में काफी आराम मिलता है। त्वचा में अन्दर तक ठण्डक पहुंचाने में बर्फ काफी मदद करती है। इसमें कूलिंग और सूथिंग इफेक्ट होता है। आईब्रो के आस-पास बर्फ लगाने से स्किन पर थ्रेडिंग करते समय दर्द नहीं होता। दिन में दो बार आइस क्यूब से सिकाई करने के बाद आपको फर्क जल्दी नजर आने लगेगा।2. एलोवेरा-- अगर आपको आईब्रो बनवाने के बाद जलन, रेडनेस और मुंहासों की समस्या परेशान करती हैं तो थ्रेडिंग के बाद थोड़ा सा एलोवेरा जेल लेकर उसे आस पास की त्वचा पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। यह त्वचा को डीप नरिश भी करता है और कील, मुंहासों को कम करने में मदद करता है।

इसके लिए एलोवेरा के ताजे पत्ते लें और उसे आईब्रो पर लगाएं। इससे जलन, सूजन और दर्द की समस्या गायब हो जाएगी। एलोवेरा में कूलिंग इफेक्ट होता है और एंटीबैक्टीरियल गुण भी होता है जो जलन और लालिमा को कम करने में मदद करता है और इंफेक्शन से भी बचाता है।

3. खीरा -- आसान उपाय है कि आप जलन वाली स्किन पर कुछ मिनट के लिए खीरे की स?लाइस रख लें। इससे स्किन को ठंडक का एहसास होगा और जलन दूर हो जाएगी। खीरे में एंजेसिक इफेक्ट होता है जो थ्रेडिंग के बाद होने वाली जलन को दूर करने में मदद करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट भी होता है जो आइब्रो के आसपास के हिस्से में होने वाली जलन और सूजन को कम करता है। आप खीरे को बारीक पीस कर फेस पैक की तरह 15 मिनट तक लगाएं। इससे काफी राहत मिलेगी। आप चाहें तो खीरे को निचोड़ कर इसके पानी को रुई की मदद से आइब्रो के आस पास लगाएं और इससे आपकी स्किन की जलन कम हो जाएगी।

4. ठंडा दूध - आप थ्रेडिंग वाली जगह पर ठंडा दूध भी लगा सकती है। इससे लालिमा और सूजन को दूर करने में मदद मिलता है। दूध के इस्तेमाल से त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद मिलती है। जिससे त्वचा का रूखापन दूर हो जाता है। इसके लिए सबसे पहले कॉटन बॉल यानी रुई के फाहे को दूध में डिप कर दें और उसे हल्का निचोड़ ले। इसके बाद आइब्रो पर अप्लाई करें। दूध में प्रोटीन होता है जो थ्रेडिंग से होने वाली जलनए रेडनेस और सूजन को कम करने में मदद करता है।

5. टोनर -- थ्रेडिंग वाली जगह पर आप टोनर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। टोनर त्वचा को ठंडक दिलाने का काम करता है जिससे प्रभावित हिस्से की जलन कम होती है। क्योंकि टोनर में कूलिंग इफेक्ट होता है। टोनर त्वचा के पोर्स को बंद करता है जो आपके थ्रेडिंग के बाद खुल जाते हैं।6. टी बैग -- इस्तेमाल हो चुके टी बैग्स भी थ्रेडिंग के बाद सूजन की समस्या को दूर करने के लिए काफी मददगार साबित हो सकते हैं। टी बैग को भिगोकर कुछ देर के लिए रेफ्रिजरेटर में रख दें और जब ये ठंडे हो जाएं तो फिर आइब्रो पर इसे अप्लाई करें तो जलन की समस्या में आराम मिलेगा और त्वचा को ठंडक महसूस होगी।

# भूमि मामले टीम भेजकर करायें निस्तारित: डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस मानिकपुर तहसील सभागार में हुआ।

मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर को देखा। निस्तारण आख्या देखकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी बतायें, ताकि वह निस्तारण से संतुष्ट हो सके। शासन ने समय सीमा के अंदर शासन की मंशानुसार समस्यायें हल की जायें। आज आईं समस्याओं का मौके पर जाकर निस्तारण करायें। एसडीएम मानिकपुर व थाना प्रभारियों से कहा कि भूमि संबंधी मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की टीम को भेजकर निस्तारित करायें।



मानिकपुर में समस्या सुनते डीएम-एसपी।

डीएम ने कहा कि शासन के कडे निर्देश हैं कि भूमि संबंधी मामले तत्काल निस्तारित करें। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि महिलाओं बाबत मामले तत्काल निस्तारित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीएफओ डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार मानिकपुर वाचस्पति सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, उप निदेशक कृषि राजकुमार, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चन्द्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह, एलडीएम इंडियन बैंक तुलसी राम, बंदोबस्त अधिकारी मनोहरलाल धर्मान, एक्सईएन लोनिवि कृष्ण कुमार, विद्युत दीपक सिंह, लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ में हुई तीन वर्ष की सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार वेदांत ने मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की पैरवी से न्यायालय ने नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी को तीन वर्ष की सजा व चार हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

मंगलवार को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने छेडछाड, पाक्सो एक्ट आरोपी रवि केवट पुत्र मंगी केवट निवासी गोकुलपुरी शंकर बाजार को तीन वर्ष की सजा व चार हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

ज्ञात है कि तीन नवम्बर 2017 को वादी ने थाना मऊ में रिपोर्ट लिखाई थी कि रवि केवट ने नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ की है। कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज हुआ। विवेचना दरोगा दिनेश कुमार सिंह ने कर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

# लोकतंत्र बचाओ को आज होगा ओरन में कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ अभियान के तहत सपा नेता/अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल की अगुवाई में 21 फरवरी को नरेश मैरिज हाल ओरन-बबेरु रोड बांदा में कार्यक्रम होने जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता को सपा नेता मान सिंह पटेल की अगुवाई में सपा नेताओं के साथ क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण कर सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री/सपा मुखिया अखिलेश यादव की नीतियों को बताया।

मंगलवार को सपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह पटेल ने सपा नेताओं के साथ 21 फरवरी को ओरन में नरेश मैरिज हाल में होने जा रहे लोकतंत्र व संविधान बचाओ कार्यक्रम के मद्देनजर क्षेत्र के पिपरी खेरवा, मरौली, मंझीवासानी, जामू, बैद्यमपुरवा, बाघा, किरहंड, तेंदुरा, चैसड आदि गांवों में लोगों से सम्पर्क किया।

उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जनसंवाद एवं लोकतंत्र-संविधान बचाओ अभियान के तहत सपा कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा है। सम्मेलन में सपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में लोकतंत्र बचाओ व भाजपा भगाओ के तहत कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यक्रम में भारी तादाद में लोग पहुंचकर सफल बनायें।



सपा नेताओं ने किया भ्रमण।

# जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 91 जोडे बंधे दाम्पत्य सूत्र में



नवविवाहित जोडों को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग ने सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र मऊ-मानिकपुर के सीपी गौतम महाविद्यालय देउंधा में 98 जोडों के सापेक्ष 91 का विवाह कराया।

मंगलवार को सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, सीडीओ अमृतपाल कौर, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विवाह शुरु कराया। अतिथियों ने 98 जोडों के सापेक्ष 91 को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश की बधाई दी। सभी के वैवाहिक जीवन की सफलता की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया। सभी का आभार जताया। विवाह गायत्री शक्तिपीठ के डॉ रामनारायण त्रिपाठी व सहआचार्यों ने सम्पन्न कराया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, बीडीओ शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



तहसील में गुहार लगाते किसान।

# समाधान दिवस में चेयरमैन ने पीएम आवास लाभार्थियों के भराये फार्म

## लेखपाल पर भेदभाव का लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी में नगरीय समाधान दिवस में अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने नगरवासियों की विभिन्न समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निदान के निर्देश दिये।

मंगलवार को नगर पालिका परिसर में अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों सत्यापन का कार्य तहसील स्तर पर लम्बित होने पर गहरी नाराजगी जताई। लेखपाल मौके पर न जाकर ऑफिस में बैठ सत्यापन की औपचारिकता कर रहे हैं। तमाम पात्र लाभार्थियों को अपात्र करने पर अध्यक्ष ने एसडीएम सदर को फोन कर लंबित मामलों के निस्तारण का अनुरोध किया। ईओ लालजी यादव ने बताया कि नगर पालिका कर्वी ऐसी निकाय है, जहां नगरीय समाधान दिवस होता है। नगरवासियों की पानी, बिजली, सड़क, प्रकाश, प्रधानमंत्री आवास आदि समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाता है।

अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशानुसार पालिका में नगरीय समाधान दिवस करने का फैसला लिया है। हर माह के पहले व तीसरे मंगलवार को समाधान दिवस होता है। सूबे में कर्वी नगर पालिका में ही समाधान दिवस होता है। ये जनता को उपयोगी साबित हो रहा है। लोगों को एक जगह पर समस्याओं का समाधान मिल जाता है। शासन से संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल रहा है। मंगलवार को 35 लोगों के पीएम आवास फार्म भराये। प्रकाश, नाली, सफाई, सड़क, जल निकासी, विद्युती की समस्यायें निस्तारित की गईं। समाधान दिवस में एसडीओ विद्युत अनिल कुमार, समाज कल्याण विभाग के श्यामबाबू, डीएसओ कार्यालय के जितेंद्र सिंह कुशवाहा, डूडा के राजकुमार, जल संस्थान के जेई समेत वार्ड मेम्बर शंकर यादव, अरूण तिवारी, अनुज निगम, पवन बद्री, विनीत पयासी, नीलम बृजेंद्र शुक्ला, शैलेंद्र सोनी, कान्हा, सुभम केसरवानी, ओमकार यादव, राजकमल वर्मा, मो लतीफ उर्फ शहजादे आदि मौजूद रहे।



समस्या सुनते चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता।

## ओलावृष्टि से तबाह फसलों का मांगा मुआवजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** तहसील कर्वी के रसिन गांव के विभिन्न मजरों के ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में गुहार लगाई कि ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति का आंकलन करवाकर मुआवजा दिलाया जाये। मंगलवार को कर्वी तहसील के रसिन गांव के मजरा शिवपाल पाण्डेय पुरवा, अलखू खेडा, वैरिहापुरवा, दुबेपुरवा, लाला पुरवा, करवरियन पुरवा, गौशाला, शहजादपुर, सेमरडांड आदि गांवों में ओलावृष्टि से फसल चैपट हो गई है। किसानों ने कर्ज लेकर उन्नत किस्म के बीज बोये थे। सबसे ज्यादा गेहूं, सरसो, अरहर, चना, अलसी, मसूर की फसलों को क्षति पहुंची है। खेतों में कुछ नहीं बचा। लोग भुखमरी की कगार में आ गये हैं। किसानों ने कहा कि खेती अब घाटे का सौदा हो गया है। किसानों के सामने भोजन व पशुओं के चारा की समस्या पैदा हो गई है। किसानों ने कहा कि उनकी सुनवाई नहीं हो रही। बिना सरकारी मदद के जीवनयापन करना दूभर है। सौ फीसदी फसल बर्बाद हुई है। किसानों ने मांग की कि ओलावृष्टि से रसिन व मजरों का सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा दिलाया जाये। इस मौके पर किसान गुरु प्रसाद, प्यारेलाल, श्यामबाबू पयासी, मनोज कुमार, नवल किशोर, महेश, विशम्भर, राजेन्द्र, तेजबाबू, रामआधार, राम, छोटेलाल, राजकुमार, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

## पाक्सो एक्ट का वांछित-वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश



पुलिस गिरफ्त में वांछित।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित व एक वारंटी को दबोचा है। मंगलवार को राजापुर थाने के दरोगा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दीवान मुकेश कुमार के साथ अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के शारदा उर्फ परनवा पुत्र मुन्ना निवासी कुसेली को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्स सिंह ने दीवान शिवप्रसाद के साथ हादसे के वारंटी विरेन्द्र पुत्र हुब्बा निवासी रुपौली को गिरफ्तार किया।

# अशोक पब्लिक स्कूल में छात्रों से मांगी जा रही लेटफीस

## लेटफीस के बिना प्रवेश पत्र न देने का मामला

अखंड भारत संदेश



गुहार लगाते विद्यालय के छात्र।

**चित्रकूट।** अशोक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एसडीएम के समक्ष सम्पूर्ण समाधान दिवस में गुहार लगाई कि विद्यालय प्रबंध तंत्र प्रवेश पत्र नहीं दे रहा। प्रवेश पत्र देने के नाम पर लेट फीस प्रतिदिन के हिसाब से पचास रुपये मांग रहा है। मंगलवार को अशोक पब्लिक स्कूल के छात्र आर्यन पाण्डेय, देवव्रत यादव, हर्षवर्धन सिंह, राहुल निषाद, शिवम, हिमांशु द्विवेदी, सूजल पाण्डेय, आदर्श ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सौंपे पत्र में कहा कि बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरु हैं। विद्यालय प्रबंधन छात्रों को प्रवेश परीक्षा कार्ड नहीं दे रहा। एक हजार रुपये लेट फीस के नाम पर मांगे जा रहे हैं। छात्रों ने गुहार लगाई कि उनके प्रवेश पत्र दिलाये जायें। इस बाबत छात्रों ने फोन पर प्रबंधक अशोक गुप्ता से हुई बातचीत का आडियो भी भेजा है। प्रबंधक ने बिना लेट फीस जमा किये कार्ड देने से साफतौर पर मना किया। कहा कि मेडिकल बनवाकर देने से लेटफीस नहीं लगेगी। छात्रों ने कहा कि जब अग्रिम फीस जमा करते हैं तो उन्हें कोई छूट नहीं मिलती। इस पर प्रबंधक ने कहा कि ये बहुत खराब स्कूल है, यहां क्यों पढते हो। छात्रों ने कहा कि वे स्कूल खराब की बात नहीं कर रहे।

# आतिशबाजी कम्पनी पर मढा दोष, दो को जेल, जांच में दोषी पर आंच नहीं

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड महोत्सव में चित्रकूट इंटर कालेज बम विस्फोट में चार छात्रों की मृत्यु के मामले में जिस बात की आशंका थी, वही हुआ। आतिशबाजी कम्पनी के दो लोगों को नामजद करार देते हुए पुलिस ने जेल भेजा है।

मंगलवार को पुलिस की विज्ञप्ति अनुसार बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित-वारंटी गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की टीम ने सीआईसी में हुए ब्लास्ट घटना बाबत कर्वी कोतवाली में दर्ज मामले में हर्ष कामदार पुत्र नीलेश कामदार निवासी 701 प्रेम स्मृति रोड नम्बर छह राजावडी गार्डन गाट ओवर तिलकनगर ईस्ट मुम्बई व पंकज जाट पुत्र रमेश जाट निवासी 316 बी चैहरी पार्क मूसागढी थाना आजादनगर इन्दौर मप्र को विवेचना व पूंछताछ तथा साक्ष्यों के क्रम में गिरफ्तार किया है। टीम में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, दरोगा अंशू कुमार, महिला सिपाही नीतू द्विवेदी व सिपाही मोहित कुमार शामिल रहे। इस तरह से जिला प्रशासन मामले की जांचकर किसी अन्य की गलती दूसरे पर मढ रहा है। घटना के वास्तविक दोषी लापरवाही के जिम्मेदार लोगों तक जांच की आंच नहीं पहुंच पा रही।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



स्काई ग्लास ब्रिज देखते अधिकारीगण।

## सूबे के पहले स्काई ग्लास ब्रिज को डीएम-एसपी ने देखा, अधूरे कार्य जल्द करें पूरे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने तहसील मानिकपुर के तुलसी जलप्रपात में सूबे के पहले स्काई ग्लास ब्रिज के निर्माण कार्यों को देखा। मंगलवार को जिलाधिकारी ने डीएफओ डॉ नरेंद्र कुमार सिंह को निर्देश दिये कि यहां पर गार्डेन बनाकर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाए। इको टूरिज्म में और कार्यों के प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जायें। स्काई ग्लास ब्रिज में अधूरे निर्माण कार्य तत्काल कार्यदायी संस्था पूर्ण कराये। पार्क में अच्छे ढंग से सफाई करवाकर पेड़-पौधे लगवाये जायें। निरीक्षण में एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, डीएफओ डॉ नरेंद्र कुमार सिंह, रेंजर मो नसीम आदि मौजूद रहे।

## पशु चोरी-क्रूरता में आठ को जेल में बिताई अवधि की सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपराधियों को अधिक सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य व पैरोकार हरेंद्र यादव ने मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला के साथ पैरवी कर न्यायालय से पशु चोरी/पशु क्रूरता अधिनियम आरोपी को जेल में बिताई अवधि की सजा व 3050-3050 रुपये के जुर्माना से दंडित कराया।

मंगलवार को सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ सुश्री संघमित्रा ने बरगढ़ थाने में दर्ज चोरी-माल बरामद व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम आरोपी अशोक पुत्र सोदई, राजेंद्र पुत्र भोलई आदिवासी निवासी हरदीकला, छोटेलाल बसोर पुत्र कुसुम बसोर निवासी ललई, मो इमरान पुत्र रफाऊद्दीन निवासी कोहोडिया थाना शंकरगढ़ जिला प्रयागराज, मो गुलशेर पुत्र इस्माइल निवासी कटरा प्रयागराज, अल्ताफ अहमद पुत्र अबरार निवासी खीरी, मो नसीम पुत्र मोहर्रम निवासी हसीगन घूरपुर प्रयागराज व संजय आदिवासी पुत्र बड़कू निवासी मुर्का को जेल में बिताई अवधि की सजा व 3000-3000 हजार रूपये के जुर्माना तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में जेल में बिताई अवधि व 50-50 रूपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि दो सितम्बर 2019 को बरगढ थाने के बोझ फार्म के पप्पू आदिवासी पुत्र रामबदन ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उनकी व पडोसियों की भैंस चोरों ने चुरा ली है।

# बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार से लडने को हों एकजुट: अखिलेश पाण्डेय

## जो मौन है वह भी भ्रष्टाचार में हैं शामिल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बेसिक शिक्षा परिषद में बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार है, शिक्षकों से भेदभाव है- अपना-पराया देखकर आदेश होते हैं। कहने वाले ये भूल जाते हैं, भ्रष्टाचार के खिलाफ बोल-विरोध नहीं कर सकते, लड नहीं सकते तो भ्रष्टाचार मे सब जिम्मेदार हैं। राजनीतिक दल के नेता हों या कोई शिक्षक नेता हो या आम शिक्षक।

ये बात मंगलवार को उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा। लड़ाई सबको लडनी पडेगी, वोट की राजनीति वाले लड़ाई नही लडेंगे, एकजुट होकर आगे आने पर वोट वाले भी दौडे चले आयेंगे। भय को मन से निकाल दीजिए। जब तक डरेंगे-भागेंगे, तब तक शोषण होगा। जिस दिन आंख मे आंख मिलाकर खडे हो गये, भ्रष्टाचारी खुद भाग जायेगा। भ्रष्टाचारी के पास आत्मबल नहीं होता, वह डरपोक होता है। गांठ बांध लें कि विद्यालय समय से जाना है। शिक्षण करना है, समय से वापस आना है। अन्य किसी काम को किसी कीमत पर किसी को एक पैसा नहीं देना। किसी का वेतन रुका है- इंक्रीमेंट रुकता है, बोनस-प्रमोशन, वेतन रुकना कोई दंड नहीं है। दलाल रुके वेतन का कई गुना लेते हैं। प्रत्यावेदन के निस्तारण की जिम्मेदारी विभाग की है। निस्तारण में दोषी या निर्दोष हो सकते है। निस्तारण न होना तक निस्तारण न करने वाला दोषी है। मेडिकल अवकाश, मातृत्व अवकाश, ईएल, बाल्य देखभाल अवकाश, आनलाइन अवशेष वेतन को भी दलालों के जाल में फंसते हैं। संगठन को बतायें, निःशुल्क काम होंगे। नियमानुसार आवेदन करना है। कार्यालय के चक्कर, दलालों से सम्पर्क में नहीं रहना। आवेदन रिजेक्ट हो तो संगठन को बतायें। संगठन को पता चला है कि कुछ खण्ड शिक्षाधिकारियों ने आईडी कार्यालय मे बैठे संविदा कर्मी को दे रखी है। संविदा कर्मी भ्रष्टाचार की मंशा से शिक्षिकाओं को परेशान करते हैं। सब मिलकर जिले को कलंकित करने वाले भ्रष्टाचारियों को सबक सिखायें, भविष्य मे शिक्षकों से भ्रष्टाचार, भेदभाव व अपमान की न सोंच सके।



विधायक को ज्ञापन देते शिक्षक नेता।

## मोबाइल दुकान चोरी का खुलासा, बाल अपचारी माल समेत गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने सरैंया कस्बा स्थित मोबाइल दुकान में चोरी का खुलासा कर एक बाल अपचारी को चोरी के चार मोबाइल, चार चार्जर, चार बैट्री व एक सीएफएल समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 18 फरवरी को सरैंया चैकी के बाई का कुआ के मनोज कुमार यादव पुत्र कमलेश ने मानिकपुर थाने में रिपोर्ट लिखाई कि 16-17 फरवरी की रात सरैंया बाजार स्थित मोबाइल दुकान के शटर का ताला तोड़ चार मोबाइल, चार चार्जर, चार बैटरी, आइटेल कंपनी के चोरी हो गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर सरैंया चैकी प्रभारी को खुलासे के निर्देश दिये। चौकी प्रभारी ने एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया। माल बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, सिपाही मनोज कुमार व अनुज द्विवेदी शामिल रहे।

# अमेरिकी बैंक कैपिटल वन करेगा डिस्कवर का अधिग्रहण




**वाशिंगटन।** अमेरिकी बैंक कैपिटल वन फाइनेंशियल कॉर्प ने सोमवार को क्रेडिट कार्ड ऋणदाता 'डिस्कवर फाइनेंशियल सर्विसेज' के अधिग्रहण की घोषणा की। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह सौदा संयुक्त राज्य अमेरिका की दो सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड कंपनियों का विलय करेगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, ऑल-स्टॉक लेनदेन में डिस्कवर फाइनेंशियल सर्विसेज का मूल्य 35.3 बिलियन डॉलर है। लेंडिंगट्री के मुख्य क्रेडिट विश्लेषक मैट शुल्ज का कहना है कि कैपिटल वन $479 बिलियन की संपत्ति के साथ देश के सबसे बड़े बैंकों में से एक है। यह वीजा और मास्टरकार्ड से संचालित नेटवर्क पर क्रेडिट कार्ड जारी करता है। डिस्कवर का अधिग्रहण उसे 305 मिलियन कार्डधारकों के क्रेडिट कार्ड नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करेगा। इससे उसके 100 मिलियन से अधिक ग्राहकों का आधार जुड़ जाएगा। देश के चार प्रमुख नेटवर्क अमेरिकन एक्सप्रेस, मास्टरकार्ड, वीजा और डिस्कवर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता अधिवक्ताओं ने यह कहते हुए संभावित सौदे को खारिज कर दिया कि इससे अविश्वास संबंधी चिंताएं उत्पन्न होती हैं। राष्ट्रीय सामुदायिक पुनर्निवेश गठबंधन के मुख्य कार्यकारी जेसी वान टोल ने बयान में कहा, "यह कल्पना करना बहुत मुश्किल है कि संघीय नियामक कैपिटल वन को डिस्कवर को खरीदने की अनुमति कैसे दे सकते हैं, यह देखते हुए कि विलय से जनता के साथ-साथ अंदरुनी लोगों को भी फायदा होगा।"

## डिजिटल नियमों के संभावित उल्लंघन को लेकर यूरोपीय संघ ने शुरू की टिक टॉक के खिलाफ जांच

**लंदन।** लाखों बच्चों और किशोरों तक पहुंच रखने वाले सोशल मीडिया के प्लेटफार्म टिकटॉक पर नियमों के उल्लंघन करने के खिलाफ बड़ी हो सकती है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने सोमवार को कहा कि वह संगठन के नए डिजिटल नियमों के संभावित उल्लंघन पर चीनी ऐप टिकटॉक की जांच कर रही है। ईयू की कार्यकारी शाखा यूरोपीय आयोग ने कहा कि गत वर्ष से प्रभावी डिजिटल सेवा अधिनियम (डीएसए) के नियमों के संभावित उल्लंघन का आकलन करने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

डीएसए में इंटरनेट यूजर्स को घृणास्पद भाषण जैसे हानिकारक व अवैध सामग्री से सुरक्षित करने, एल्गोरिदम सिफारिशों का विकल्प देने और बच्चों पर लक्षित विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने जैसे नियमों का प्रवधान किया गया है। आयोग इस बात पर ध्यान दे रहा है कि क्या टिकटॉक अपने डिजाइन से पैदा होने वाले प्रणालीगत जोखिमों के निपटने के लिए प्रयास कर रहा है। इसमें व्यवहारिक व्यसनों को भड़काने वाले एल्गोरिदम सिस्टम भी शामिल हैं। आयोग ने कहा कि नाबालिगों को 'अनुचित सामग्री' खोजने से रोकने के लिए आयु सत्यापन जैसे उपकरण प्रभावी नहीं हो सकते हैं।

ईयू आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने कहा कि नाबालिगों की सुरक्षा डीएसए के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। लाखों बच्चों और किशोरों तक पहुंच रखने वाले प्लेटफार्म टिकटॉक को डीएसए का पूरी तरह से पालन करना चाहिए।

## हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर नेपाली कांग्रेस में हस्ताक्षर अभियान




**काठमांडू।** देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल की बैठक में हिन्दू राष्ट्र की मांग को पार्टी का आधिकारिक एजेंडा बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

नेपाली कांग्रेस पार्टी की महासमिति की बैठक में हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे को पार्टी का आधिकारिक एजेंडा बनाने को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी की सबसे बड़ी और नीति निर्माण वाली महासमिति की बैठक में हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे को भी शामिल करने की मांग को लेकर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में मंगलवार दोपहर तक करीब एक हजार सदस्यों ने अपना हस्ताक्षर करते हुए समर्थन जताया है। अभियान से जुड़े पार्टी के नेता शंकर भण्डारी ने बताया कि कम से कम दो हजार सदस्यों के हस्ताक्षर संकलन का लक्ष्य है

अभियान के दौरान हस्ताक्षर करने वालों में पार्टी के तीन दर्जन से अधिक केन्द्रीय सदस्य और दो दर्जन से अधिक सांसद शामिल हैं। हिन्दू राष्ट्र महाअभियान से जुड़े लोकेश ढकाल ने कहा कि बड़े नेताओं में शशांक कोइराला और शेखर कोइराला सहित पूर्व डिप्टी स्पीकर पुष्पा भूषाल ने भी हस्ताक्षर कर दिया है। महासमिति बैठक स्थल पर इस अभियान में हस्ताक्षर करने वालों की भीड़ देखी जा सकती है। कुछ दिन पहले ही पार्टी के 30 केन्द्रीय सदस्यों के हस्ताक्षर के साथ पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा को सौंपा गया था

सोमवार को महासमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष देउवा ने कहा था कि लोकतंत्र, गणतंत्र और संघीयता के अलावा पार्टी हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है। पार्टी इन तीन मूलभूत विषय के अलावा बाकी सभी विषय पर संविधान संशोधन के पक्ष में है। इस अभियान से जुड़ी डा डिला संग्रौला ने पार्टी अध्यक्ष के भाषण पर कहा कि सीधे तौर पर ना कहते हुए उन्होंने संकेत दिया कि हिन्दू राष्ट्र के अभियान को लेकर वो नकारात्मक नहीं हैं। संग्रौला ने दावा किया कि करीब 2000 सदस्यों का हस्ताक्षर हो सकता है।

## अफगानिस्तान में हिमस्खलन से भारी तबाही, 25 की मौत, बर्फ और मलबे में 30 लोगों के दबे होने की आशंका



**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नूरिस्तान में कल (सोमवार) हिमस्खलन से भारी तबाही हुई है। कम से कम 25 लोगों की जान चली गई और आठ अन्य घायल हो गए। नूरिस्तान की तातिन घाटी के नाकरे गांव में रातभर हुए हिमस्खलन से घर बर्फ और मलबे की परतों के नीचे दब गए।

अफगानिस्तान टाइम्स और टोलो न्यूज के अनुसार, सूचना और संस्कृति के प्रांतीय प्रमुख जमीउल्लाह हाशिमी ने कहा है कि अभी भी बर्फबारी हो रही है। राहत और बचाव अभियान जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। लगभग 20 घर जमींदोज हो चुके हैं। गांव में व्यापक विनाश हुआ है। कई परिवार विस्थापित हो गए हैं। नूरिस्तान प्रांत के सार्वजनिक कार्यों के प्रमुख मौलवी मोहम्मद नबी अदेल कहा कि मौसम अभी प्रतिकूल है। इसलिए हेलीकॉप्टर नूरिस्तान में नहीं उतर सकता। अवरुद्ध सड़कों ने बचाव अभियान को और जटिल बना दिया है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की सीमा पर स्थित नूरिस्तान प्रांत में यह ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाका है। यह प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से अतिसंवेदनशील है।

जमीउल्लाह हाशिमी ने कहा है कि छह घरों के मलबे में अभी भी 25 से 30 शव दबे हुए हैं। पंजशीर के सुरक्षा कमान के प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रांत में हिमस्खलन के कारण दो खनिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

## काठमांडू विमानस्थल से एक किलो सोना के साथ भारतीय नागरिक गिरफ्तार




**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने बीती रात को एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक किलो सोने बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर यात्रियों की जांच के क्रम में दुबई से आए भारतीय नागरिक 35 वर्षीय शरीफ अहमद को गिरफ्तार किया गया है। अहमद के पास से एक किलो सोना बरामद किया गया है जिसको पिघलाकर अर्ध ठोस रूप में लाया गया था। एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारी एसएसपी कृष्णहरि शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया अहमद फ्लाई दुबई के विमान से बीती रात को काठमांडू आया था और आज ही भारत जाने की तैयारी में था। पकड़े गए व्यक्ति को कस्टम विभाग में भेज दिया गया है।

## उज्बेकिस्ता में छत गिरने से तीन भारतीय श्रमिकों की मौत, 30 गंभीर

**अलमालिक।** उज्बेकिस्तान के अलमालिक शहर में मंगलवार को परियोजना साइट पर छत गिरने से तीन भारतीय श्रमिकों की मौत हो गई। हादसे में 30 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी पुष्टि वहां स्थित भारतीय दूतावास ने की है। अलमालिक शहर में हुए हादसे की जानकारी देते हुए उज्बेकिस्तान में भारतीय दूतवास ने एक्स पोस्ट में मृतकों परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस हादसे पर भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अलमालिक सिटी हॉस्पिटल में उपचार करा रहे पीड़ितों से मुलाकात की।

## भारत ने गरीबी-भुखमरी से निपटने के लिए यूएन फंड को 10 लाख डॉलर दिए



**न्यूयॉर्क।** भारत ने गरीबी और भूख से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र में 10 लाख डॉलर का योगदान किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका गरीबी एवं भूख उन्मूलन फंड के योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय की निदेशक दीमा अल-खातिब को 10 लाख डॉलर का चेक सौंपा।

इंडिया एट यूएन एनवाई ने एक्स हैंडल पर इसका संक्षिप्त सचित्र विवरण साझा किया है। उल्लेखनीय है कि भारत जरूरतमंदों की मदद में हमेशा आगे रहता है। इस मौके पर रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता का ध्यान 'लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए विकास' पर था। उन्होंने कहा कि भारत गरीबी एवं भूख उन्मूलन फंड का समर्थन करता है। इस मदद से ग्लोबल साउथ में लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सहयोग की भावना भी मजबूत हुई।

उन्होंने कहा कि इस फंड में हर साल भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका 10 लाख डॉलर का योगदान करते हैं। 2006 से अब तक इस फंड में भारत 1.8 करोड़ डॉलर से अधिक का दान दे चुका है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान के गिलगित-बल्तिस्तान में बरसात, बर्फ से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**गिलगित।** पाकिस्तान के गिलगित-बल्तिस्तान में रुक-रुक कर हो रही बारिश और बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई जगह तेज भूस्खलन हुआ है। कई स्थानों पर काराकोरम राजमार्ग और बलिस्तान रोड सहित प्रमुख सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। गिलगित-बल्तिस्तान से आने-जाने वाले हजारों यात्री सड़क अवरोधों के कारण फंसे हुए हैं। तापमान भी शून्य से नीचे चला गया है और बिजली बंद है। डॉन समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, निचले इलाकों में तेज बारिश और ऊपरी इलाकों में शाम तक जमकर बर्फबारी हुई है। तेज बारिश के बीच पहाड़ से चट्टानें गिरने के कारण कोहिस्तान में अचर नाला के पास राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। भूस्खलन से काराकोरम राजमार्ग भी अवरुद्ध है । अचार नाले के करीब सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। भारी बर्फबारी के कारण स्कर्दू के राउंडू क्षेत्र में कई स्थानों पर बलिस्तान सड़क अवरुद्ध है। यहां भी हजारों यात्री फंस गए हैं।

बार्घो क्षेत्र में गिजेर-शंडूर रोड, ऊपरी इलाकों में लिंक सड़कें और अंतर-जिला सड़कें कट गईं। बर्फबारी के बाद ऊपरी इलाकों में सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं। ऊपरी इलाकों में तापमान शून्य से छह नीचे चला गया। घीजर, हुंजा, नगर, स्कर्दू, शिगार, खरमांग, अस्तोर और घांचे के ऊपरी इलाकों में तीन से छह इंच बर्फबारी हुई। रेस्क्यू 1122 के अनुसार, राउंडु के बागचा गांव के पास बल्तिस्तान रोड पर एक कार पर चट्टान गिरी। कार में सवार चार यात्रियों को मामूली चोट आई है। मौसम खराब होने की वजह से इस्लामाबाद, स्कर्दू और गिलगित के बीच उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। कई इलाकों में बिजली, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी बाधित हो है।

मुख्यमंत्री हाजी गुलबर खान ने भारी बारिश और बर्फबारी के कारण संभावित स्थिति से निपटने के लिए जीबी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सभी संभागीय आयुक्तों, उपायुक्तों और सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को राहत और बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मौसम विज्ञान विभाग और प्रांतीय सरकार ने 27 फरवरी तक भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की है।

## नेपाली नागरिकों को भारत में अब आसानी से मिल सकेगा सिम कार्ड

**काठमांडू।** भारत सरकार ने अपने यहां आने वाले नेपाली नागरिकों को आसानी से सिम कार्ड मिल सके, इसकी व्यवस्था कर दी है। अब तक नेपाली नागरिकों को सिमकार्ड लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नेपाली नागरिकों को पिछले कुछ वर्षों से सिम कार्ड नहीं मिल पा रहा था।

भारत के संचार मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर नेपाल और भूटान के नागरिकों के लिए सिम कार्ड लेने के नियमों में बदलाव की जानकारी दी है। अब तक भारत में आने वाले विदेशी नागरिकों को वीजा के आधार पर ही सिमकार्ड दिया जाता था। चूंकि नेपाल और भूटान के नागरिक बिना वीजा के ही भारत में यात्रा कर रहे थे तो उनको सिम कार्ड नहीं मिल पाता था। भारत सरकार ने इस समस्या को समझते हुए नेपाल और भूटान के नागरिकों के लिए बिना वीजा के भी सिमकार्ड दिए जाने का निर्णय किया है।

अधिसूचना के अनुसार,भारत में रह रहे या भारत की यात्रा पर आने वाले नेपाली नागरिकों को उनके देश के नागरिकता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, वोटर आईडी कार्ड या सम्बन्धित देश के दूतावास द्वारा जारी पहचान पत्र के आधार पर सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। दिल्ली में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा ने भारत सरकार के इस निर्णय पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार के इस फैसले से नेपाल में आने वाले हजारों नेपाली नागरिकों को राहत मिली है।

भारत में पढ़ाई के लिए जाने वाले सैकड़ों नेपाली छात्र, काम के सिलसिले में भारत में रहने वाले हजारों नेपाली नागरिक और तीर्थाटन तथा पर्यटन के लिए भारत जाने वाले हजारों नेपाली नागरिकों को वहां सबसे पहले सिमकार्ड के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था। काठमांडू स्थित भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाली नागरिकों को इससे हो रही समस्या के बारे में भारत सरकार को अवगत कराया था। राजदूत श्रीवास्तव ने कहा कि हाल ही में भारतीय विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर के नेपाल भ्रमण के दौरान उन्हें भी इस समस्या को लेकर अवगत कराया गया था।